तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 27.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 20 मई 2026

12 जनगणना के दौरान प्रगणक न करें लिमिट क्रॉस...

13 हस्ताक्षर का नमूना नहीं बदलने से निकुम में ...




**मौसम :** आधे घंटे की बारिश के बाद उमस से लोग हुए परेशान, बिजली ने रुलाया

# तेज अंधड़ और गरज-चमक के साथ बारिश, सैकड़ों पेड़ों की टहनियां टूटी, अंधेरे में डूबी रही ट्विनसिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मंगलवार की शाम मौसम ने फिर करवट ली। पूरे दिन गर्मी से लोग हलाकान होते रहे लेकिन शाम करीब 5 बजे अचानक अंधड़ चलने लगी। बादल गरजने लगे और हल्की बारिश भी हुई। अंधड़ की रफ्तार इतनी तेज थी कि सेंट्रल एवेन्यू रोड सहित शहर के स्थानों पर लगे सैकड़ों पेड़ों की टहनियां टूट गई। होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बैनर- पोस्टर फट गए। सेक्टर 1 तार घर मैदान में दुर्गा मंच का शेड धराशाही हो गया। लोग जहां-तहां दुकानों, अंडरब्रिजों के नीचे शरण लेकर आंधी बारिश थमने का इंतजार में जमा हो गए। करीब घंटेभर के बाद स्थिति सामान्य हो पाई। लेकिन इस दौरान पूरे टाउनशिप से लेकर दुर्ग भिलाई और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली बंद रही। सेंट्रल एवेन्यू, रेलवे एवेन्यू व तालपुरी रोड सहित मैत्रीबाग सहित कई क्षेत्रों में पच्चासों पेड़ों की शाखाओं गिर गई है।




तेज आंधी तूफान के कारण वार्ड 19 रामनगर भिलाई में राम जानकी मंदिर के पास विद्युत खंभा सड़क पर गिरा।



## हर दिन हो रही है बिजली बंद

शहर हो या गांव इन दिनों बिजली की समस्या सबसे ज्यादा बढ़ गई है। प्री मानसून आते ही शहर में बारिश और तेज हवा आए या न आएए बिजली कभी भी बंद हो जा रही है। यह तब हो रहा है जब बिजली विभाग का न कोई मेंटेनेंस चला रहा है न तेज बारिश हो रही है। पिछले सप्ताह से मौसम ने थोड़ा रुख बदला है। कभी भी तेज हवा और बारिश हो रही है। इसके साथ ही तुरंत बिजली बंद होना शुरू हो जाती है। यह स्थिति न केवल दुर्ग भिलाई बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बनी हुई है। इससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उनका कहना है कि बिजली का बिल बेतहाशा बढ़कर आ रहा है और आपूर्ति सही तरीके से नहीं हो पा रही है। बिजली विभाग में लोगों ने लगातार फोन किए लेकिन सुपेला क्षेत्र के एई दिनेश कुमार गुप्ता ने फोन रिसीव नहीं किया जिसकी वजह से लोगों में नाराजगी है।

## मार्केट एरिया भी लंबे समय तक अंधेरे में डूबा रहा

हरिभूमि कार्यालय क्षेत्र सुपेला, आकाश गंगा सुपेला, प्रियदर्शनी परिसर, पावरहाउस, छावनी, रिसाली मार्केट, मरोदा मार्केट, दुर्ग इंदिरा मार्केट, शनिचरी बाजार, सदर रोड आदि मार्केट क्षेत्र हैं। यहां भी हर दिन बिजली बंद हो रही है। शामए रात हो या दिन कभी भी बिजली बंद की समस्या से लोग परेशान हैं। दुकानदारों ने बताया कि शाम को ही मार्केट का समय रहता है और इसी समय ही बिजली अचानक बंद कर दी जाती है। जो रात तक आती और जाती रहती है। बिजली की समस्या की वजह से ग्राहकों की संख्या कम हो गई है। वे खरीदी ठीक से कर नहीं पाते। हालांकि दुकानों में स्वयं की लाईट लगाई गई है लेकिन मार्केट एरिया अंधेरे में होने की वजह से ग्राहकी कम हो गई है।

## सुपेला अस्पताल के प्रभारी कक्ष का उड़ा एलिवेशन, घटिया निर्माण




अधंड़ ने लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल के नव निर्मित निर्माण का पोल खोल कर रख दिया। सुपेला प्रभारी डॉ. पियम सिंह के कार्यालय के ऊपर छत में डिजाइन किया हुआ तीन जगह का हिस्सा गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान वहां से कोई मरीज या परिजन गुजर नहीं रहे थे। इस हिस्से पर करीब 3 करोड़ रुपए से नवनिर्माण हुआ है। इस घटना के बाद पूरे नवनिर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## इस तरह चल रहा है मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से लक्ष्यदीप तक 1.5 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। 20 मई को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

## चार डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा अधिकतम तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अगले चार दिनों में चार डिग्री सेल्सियस के आसपास अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। जिसकी वजह से प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है। मंगलवार को दुर्ग संभाग का पारा 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 0.4 सेल्सियस माइनस रहा। न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से माइनस रहा है। हाल यह है कि कूलर, एसी भी इस उमसभरी गर्मी में ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं।

# चादर बेचने वाले चोरों से 60 लाख का सोना जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि शालीमार गार्डन मेरठ निवासी हासीम खान और शिवालकास, मेरठ सलीम को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी शहर में चादर बेचने के बहाने कॉलोनियों में घूमते, सुनसान मकानों की रेकी करते और कुछ ही मिनटों में चोरी कर फरार हो जाते थे। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है। आरोपी सलीम ज्वेलर्स का संचालन करता था और चोरी का सोना खरीदता था। चोरी का सोना गलाकर बिस्कीट बना देता था। आरोपियों को पकड़ने अलग-अलग क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। नेहरू नगर, कोसा नाला, पावर हाउस, चरोदा, कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर रायपुर के जय स्तंभ चौक, मौदहापारा तक संदिग्धो की गतिविधियों को ट्रैक किया गया। फुटेज जोड़ने के बाद पुलिस को दोनों की जानकारी हो पाई। टीम ने कड़ियां जोड़कर बिलासपुर से लेकर भोपाल, उसके बाद उत्तर प्रदेश के मेरठ तक पहुंच गई। आरोपी रायपुर के मौदहापारा इलाके में किराए के मकान में निवास

करते थे। मकान मालिक को उन्होंने खुद को चादर बेचने वाला व्यापारी बताया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 400 ग्राम सोना जब्त किया है। जिसकी कीमत 60 लाख रुपए है। नगदी 3.50 लाख रुपए जब्त किया है। सामनों की कुल कीमत 63.50 लाख रुपए आंकी गई है। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, निरीक्षक विजय यादव मौजूद थे।

## ट्रांजिट रिमांड पर पुलिस लेकर आई

पुलिस ने आरोपियों को मेरठ में यूपी पुलिस की मदद से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आई है। सलीम, हासीम के अलावा एक अन्य अभी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। फरार आरोपी मॉल खरीदता था। आरोपी आरोपियों ने बिलासपुर, नया रायपुर, जबलपुर में भी चोरी की वारदातें को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी अपने बैग में कटर लेकर चलते थे। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने अलग-अलग 25 टीमे बनाई थी। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि आरोपी ट्रेन से मेरठ से छत्तीसगढ़ आते थे। एक्टिवा और बाइक की व्यवस्था इनके पास थी। कई टीमें ह्यूमन इंटेलिजेंस पर काम कर रही थीं। राजनांदगांव और रायपुर की तरफ भी पुलिस ने अलग टीमें लगाई थीं।




Flat 4% 20K & 22K plain gold jewellery के मेकिंग चार्जस पर
20 MAY (8 am to 12 pm)
First 4 hours

Flat 8% 20K & 22K plain gold jewellery के मेकिंग चार्जस पर
20 MAY
After 12 pm

Flat 8% 20K & 22K plain gold jewellery के मेकिंग चार्जस पर
21-22 MAY

Get 101% Exchange अपने पुराने सोने पर

हर ज्वेलरी खरीदी पर मुफ्त ICICI Lombard Nibhaye Vaade इंश्योरेंस पाए

Flat 50% OFF Diamond jewellery के लेबर चार्जस पर

Akash Ganga, Supela
0788-4017778 | 99935 87675

Jawahar Market, Power House, Bhilai
0788-4017467 | 9981322293

## खबर संक्षेप

### उर्सपाक के दौरान नो एंट्री में घुसा ट्रक, नशेड़ी ट्रक चालक पर कार्रवाई

**भिलाई।** उर्सपाक कार्यक्रम के



दौरान पटेल चौक एवं दुर्ग शहर क्षेत्र में भीड़भाड़ की स्थिति थी। तभी ट्रक सीजी 08 डब्लू 9777 के चालक खुज्जी राजनांदगांव निवासी दिनेश कुमार ट्रक को लापरवाही एवं खतरनाक तरीके से चलाते हुए नो एंट्री में प्रवेश किया, जो मालवीय नगर, राजेंद्र पार्क चौक, बस स्टैंड होते हुए उतई तिराहा तक लेकर गया। ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों द्वारा वाहनों को रोकने का प्रयास किया गया। चालक वाहन नहीं रोक रहा था। ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा पीछा कर वाहन को सुरक्षित रुकवाया गया। चालक का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से परीक्षण करने पर उसके द्वारा शराब सेवन पाया गया। उक्त चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185,अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया। 18 मई को सीजेएम न्यायालय दुर्ग द्वारा चालक पर 22 हजार रुपए का जुर्माना किया है। दो दिन पूर्व भी नशे की हालत में भारी वाहन चलाते पाए गए चालक पर न्यायालय ने 32 हजार रुपए का चालान किया।

### हमर क्लीनिक में समस्याओं का होगा निराकरण



**दुर्ग।** आईएचएसडीपी आवास उरला में प्रति बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हमर क्लीनिक के अंतर्गत हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। इस दौरान अब दुर्ग निगम की जुड़ी शिकायतें भी की जा सकेंगी। हंसराज नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने इस विषय को लेकर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से मुलाकात की। इसके बाद आयुक्त के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। समाजसेवी जयवर्धन ने बताया कि आईएचएसडीपी कालोनी उरला वार्ड 58 के हमर क्लीनिक में संचालित निगम के अस्थाई जोन कार्यालय में राशनकार्ड, पेंशन व टैक्स से संबंधित सभी प्रकार के कार्य किए जाएंगे। बुधवार 20 मई को भी शिविर लगाया जाएगा, जिसमे क्षेत्र में नियुक्त राजस्व अधिकारी शिवा परिहार व लक्ष्मी शर्मा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। संपूर्ण पटरीपार के नागरिकों की आवश्यकता, समस्याओं के निराकरण व सुविधाओं में बढ़ोतरी के उद्देश्य से आईएचएसडीपी कालोनी उरला व दुर्ग में समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा जनहित व बेहतर वातावरण निर्माण हेतु विभिन्न विषयों में निरंतर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### मकान में चोरी, जेवरात व नगदी समेत सामान बरामद

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी पार करने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि सड़क नंबर 03, स्मृतिनगर में चोरी की शिकायत हुई थी। पुलिस ने टीम बनाकर विवेचना कर संदेही स्मृति नगर निवासी मनोज सबरी को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। चोर से एक सोने का लॉकेट, नगदी रकम, 70 विदेशी मुद्रा जब्त किया है।

# केंद्रीय कार्यालय की चाबी सौंपने गोंड़ महासभा ने निकाली रैली, विरोध में जलाया पुतला

## केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ के कचना धुरवा देवालय के आधिपत्य को लेकर गतिरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ के कार्यालय को लेकर समाज के दो गुटों के बीच छिड़ा विवाद अब सड़क पर आ गया है। कचना धुरवा देवालय सिविल लाइन स्थित केंद्रीय कार्यालय को दूसरे गुट को सौंपे जाने के विरोध में समाज के एमडी ठाकुर गुट ने मंगलवार को पटेल चौक में जोरदार प्रदर्शन कर अपनी मांगो पर आवाज बुलंद की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व एमडी ठाकुर ने किया। उन्होंने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा समाज के मान्य निर्णयों की अनदेखी कर कार्यालय की चाबी दूसरे पक्ष को सौंप दी गई है। इसे लेकर केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के सदस्यों में भारी नाराजगी है। विरोध स्वरुप समाज के लोग बड़ी संख्या में रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से एमडी ठाकुर ने बताया कि 4 मई 2026 को रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी सहकारी संस्थाओं द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया था। वहीं 17 अप्रैल 2026 को सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश को यथावत रखा गया। जिससे केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के 17/02/2026 को हुए चुनाव को विधिवत मान्यता प्रदान कर एमडी ठाकुर को अध्यक्ष घोषित किया गया था।




### पूर्व में भी किया गया था प्रदर्शन

बता दें कि इससे पूर्व कमलेश ध्रुव के नेतृत्व में भी कचना देवालय स्थित कार्यालय को अपने कब्जे में लेने के लिए करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद जिला प्रशासन ने कार्यालय का चाबी उन्हें सौंप दी थी। इसी निर्णय के विरोध में मंगलवार को एमडी ठाकुर गुट के लोग सड़क पर उतरे और केंद्रीय कार्यालय पर अपना कब्जा होने का दावा किया। एमडी ठाकुर गुट के प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि संमाज के अधिकृत पदाधिकारियों को कार्यालय संचालन से रोका गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। दिनभर चले प्रदर्शन के दौरान समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे और मांगे पूर्ण करने जोरदार आवाज उठाई गई।


## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश

# जनगणना के दौरान प्रगणक न करें लिमिट क्रॉस अनावश्यक पूछताछ से बचें, नहीं तो होगी कार्रवाई

## गलत जानकारी देने या नंबर मिटाने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग की अधिसूचना के परिपालन में जिला प्रशासन ने आगामी जनगणना के सुचारू संचालन के लिए प्रगणकों और नागरिकों के लिए अनिवार्य गाइडलाइंस जारी की हैं। जिसके अनुसार सभी नागरिक प्रगणक द्वारा पूछे गए वैधानिक प्रश्नों का सही उत्तर देने के लिए बाध्य हैं। हालांकि, स्थानीय सामाजिक परंपराओं का सम्मान करते हुए किसी भी महिला को उसके पति/मृत पति का नाम या किसी भी नागरिक को अपने परिवार के सदस्यों का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। नागरिकों को अपने घरों में प्रगणकों को युक्तियुक्त प्रवेश देने और मकानों पर जनगणना के लिए आवश्यक नंबर या चिन्ह लगाने की अनुमति देनी होगी। प्रगणकों को भी नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार करने और घरेलू रूढ़ियों का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए है। प्रगणकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे वैधानिक सीमा में रहकर केवल केंद्र सरकार द्वारा राजपत्र में निर्दिष्ट और निर्धारित प्रश्नों को ही पूछें तथा नागरिकों से अनावश्यक या अतिरिक्त पूछताछ न करें। साथ ही, अपने कर्तव्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या इंकार करने पर प्रगणकों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





### मत्स्य विभाग की उड़नदस्ता टीम करेगी कार्रवाई

इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह से नकेल कसने के लिए मछली पालन विभाग द्वारा एक विशेष उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार औचक निरीक्षण करेगा। यदि जिले के किसी भी निजी या शासकीय तालाब, बाजार अथवा परिवहन वाहन में प्रतिबंधित थाई मांगुर या बिग हेड मछली पाई जाती है, तो मत्स्य विभाग द्वारा उस पूरे स्टॉक को तत्काल जब्त कर नियमानुसार नष्ट कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले मत्स्य पालकों, व्यवसायियों और बिचौलियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ मत्स्य पालन अधिनियम के कड़े दंडात्मक प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। इसके अंतर्गत दोषी पाए जाने पर न्यूनतम 1 वर्ष का कठोर कारावास अथवा 10 हजार रुपये के नगद आर्थिक जुर्माने का प्रावधान है।

### गलत जानकारी देने वालों पर लगेगा जुर्माना

बैठक में जानकारी दी गई कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत जानकारी देता है, उत्तर देने से इनकार करता है, या मकानों पर लिखे गए नंबरों को मिटाता/नुकसान पहुंचाता है, तो उस पर 1 हजार तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जनगणना कार्य में बाधा डालने या कार्यालय में अनाधिकृत प्रवेश करने पर 1 हजार जुर्माने के साथ अधिकतम 3 वर्ष तक की जेल का भी प्रावधान है। जनता के भ्रम को दूर करते हुए स्पष्ट किया गया है कि जनगणना में प्राप्त किये गए आंकड़े पूरी तरह गोपनीय रहेंगे। इन्हें किसी भी दीवानी या आपराधिक मामले में कोर्ट में सबूत के तौर पर पेश नहीं किया जा सकता। जनगणना के आंकड़ों का प्राथमिक उपयोग केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सटीक नीति निर्धारण, लोक प्रशासन और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन व आरक्षण के लिए किया जाता है।

### थाई मांगुर और बिग हेड मछलियों के पालन पर रोक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के मछली पालन विभाग के दिशा-निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के भीतर विदेशी थाई मांगुर (क्लेरियस गैरीपिनस) और बिग हेड (हाइपोप्थेलमिचिथिस नोबिलिस) प्रजाति की मछलियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अब जिले में इन प्रतिबंधित मछलियों के बीज उत्पादन, पालन, संवर्धन, क्रय-विक्रय तथा परिवहन जैसी गतिविधियों को पूरी तरह से रोक दिया गया है, और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मत्स्य पालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये विदेशी मांसाहारी प्रजातियां स्थानीय जलीय पर्यावरण और पारंपरिक मत्स्य पालन के लिए एक गंभीर खतरा बन चुकी हैं। ये आक्रामक मछलियां हमारे स्थानीय तालाबों और नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देती हैं और स्वदेशी मछलियों को खा जाती हैं, जिससे स्थानीय जैव विविधता को भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही, दूषित जल और हानिकारक अपशिष्टों को खाकर तेजी से बढ़ने वाली इन मछलियों के सेवन से मानव स्वास्थ्य पर बेहद बुरा असर पड़ता है और नागरिकों में कैंसर व त्वचा रोग जैसी घातक बीमारियों की आशंका बनी रहती है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उद्योगपति परिवार को जारी किया गया नोटिस

## दहेज प्रताड़ना से जुड़ा है मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुपेला पुलिस थाना में दर्ज दहेज प्रताड़ना एवं घरेलू हिंसा से जुड़े चर्चित प्रकरण में अब मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया है। पीड़िता द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने उद्योगपति परिवार एवं अन्य आरोपियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह के भीतर निर्धारित की गई है। पीड़िता के अधिवक्ता नीरज चौबे ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498-ए, 377, 323 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के तहत अपराध दर्ज किया था। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट दुर्ग में हुई, जहां निर्णय में पति निमिष अग्रवाल को धारा 377 के तहत दोषी ठहराते हुए 9 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया था। इसके अलावा ससुर सुनील अग्रवाल एवं सास रेखा अग्रवाल को धारा 323 के तहत 10-10 माह के साधारण कारावास व 1 हजार रुपए का अर्थदण्ड तथा ननद नेहा अग्रवाल को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 323 के अंतर्गत 6 माह के कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई थी। फास्ट ट्रैक कोर्ट के निर्णय के खिलाफ ससुराली पक्ष के आरोपियों ने उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में अपील दायर की थी, जहां सजा की अवधि में कमी कर दी गई। इसके बाद पीड़िता ने अपने अधिवक्ता नीरज चौबे के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका प्रस्तुत की। नीरज चौबे ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने मामले को सुनवाई योग्य मानते हुए नोटिस जारी किया।

### पंजाब बार में मारपीट, युवकों पर हमला

**भिलाई।** शराब पीने गए युवकों को अज्ञात लोगों ने बियर की बोतल और धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि ज्ञानेश उर्फ आकाश साहू प्रायवेट काम करता है। 18 मई की रात पंजाब बार वैशालीनगर के भीतर बडे भाई आशीष साहू,पप्पू साहू के साथ शराब पीने गये थे। इस दौरान बडा भाई आशीष साहू कुछ समय के लिये पंजाब बार के बाहर गया। जब लौट के भीतर की ओर भागते हुये आया। तब उसके पीछे 3-4 अज्ञात युवक उसे मारते हुए भीतर की ओर आ गए। जिसे बीच बचाव करने पर अज्ञात युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। अज्ञात युवकों ने बियर के कांच की बोतल एवं धारदार हथियार से मारपीट कर पीड़ित पर हमला कर दिया। घटना में आकाश को सिर ,हाथ, बाये पैर, सीना, पीठ और आशीष साहू को बीयर की कांच की बोतल से गले के नीचे, पीठ में हमला कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना शिकायत पुलिस से किया गया। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है।

# भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दुर्ग जिला भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग राजनांदगांव सोमनी के पास स्थित सचिता लॉन में सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण वर्ग की विधिवत शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के ध्वज फहराकर किया गया तत्पश्चात प्रदर्शनी का उद्घाटन उपस्थित अतिथियों के द्वारा फीता खोलकर भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया। सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन , छत्तीसगढ़ राज्य खाद आयोग के अध्यक्ष एवं प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता संदीप शर्मा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।प्रथम दिवस पर छः सत्रों का आयोजित किया गया। प्रथम सत्र के वक्ता संदीप शर्मा रहे, जिन्होंने देश के समक्ष चुनौतियां राजनीतिक एवं सामाजिक के विषय पर अपना प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने की। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन ने कार्यकर्ता विकास गुण आचरण और दायित्व बोध अपना संबोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रमशिला साहू, मुख्य वक्ता रूप कुमारी चौधरी सांसद महासमुंद, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, रंजना साहू, चैनसुख भट्टड, जगन्नाथ पाणिग्रह सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### सेवा सदन में स्वेच्छानुदान सहायता राशि वितरण, 250 को मिली सहायता

**दुर्ग।** सेवा सदन में मंगलवार को दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के समाज सेवकों को छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से स्वेच्छानुदान मद के अंतर्गत सहायता राशि वितरित की गई। कार्यक्रम में 250 से अधिक नागरिकों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आम नागरिकों की मदद के लिए सदैव तत्पर है। प्रदेश में सुशासन की सरकार संवेदनशीलता एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रही है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं स्वेच्छानुदान सहायता के माध्यम से आम नागरिक एवं परिवारों को कठिन परिस्थितियों में राहत एवं संबल प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में दुर्ग के सामाजिक संस्था, स्व. सहायता समूह और जनसेवा में जुटे नागरिकों को सहायता राशि प्रदान की गई। गजेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। आम नागरिकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार जनहित एवं लोककल्याण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सहायता राशि प्राप्त करने वाले नागरिकों ने शासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक देवेंद्र यादव ने सुनीं जनसमस्याएं अधिकारियों से समाधान के लिए की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- मूलभूत समस्याओं से विधायक को कराया अवगत



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने बिजली, पानी, सफाई, सड़क सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।

खुर्सीपार क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों ने विधायक को बताया कि बस्ती के बीच से हाईटेंशन बिजली तार गुजर रहा है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। विधायक देवेंद्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

वहीं जुनवानी-खम्हरिया क्षेत्र के नागरिकों ने कैनल रोड निर्माण कार्य से प्रभावित हो रहे मकान और दुकानों के मुआवजे का मुद्दा उठाया। लोगों ने बताया कि पेट्रोल पंप से लेकर आईआईटी तक कैनल रोड का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी जद में कई मकान और दुकानें आ रही हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। नागरिकों ने यह भी कहा कि बिना नोटिस दिए ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था और उस समय भी उन्होंने शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# मनरेगा मजदूरी भुगतान में तेजी, 23.39 करोड़ राशि श्रमिकों के खातों में जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- श्रमिकों से नियमित संपर्क बनाए रखने कहा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत दुर्ग जिले में श्रमिकों की लंबित मजदूरी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 23 करोड़ 39 लाख 17 हजार रुपये की मजदूरी राशि एसएनए-स्पर्श प्रणाली के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। वर्तमान में बड़ी संख्या में श्रमिकों के खातों में राशि सफलतापूर्वक जमा हो चुकी है तथा शेष भुगतान प्रक्रिया लगातार जारी है।उन्होंने बताया कि शासन स्तर से प्राप्त राशि का प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न जनपद पंचायतों एवं क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से भुगतान किया जा चुका है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्ग में 8 करोड़ 64 लाख 68 हजार रुपये, जनपद पंचायत धमधा में 6 करोड़ 34 लाख 53 हजार रुपये तथा जनपद पंचायत पाटन में 6 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपये की राशि संबंधित श्रमिकों के खातों में जमा की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से 2 करोड़ 14 लाख 29 हजार रुपये की मजदूरी राशि का भी भुगतान किया जा चुका है।सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि मनरेगा श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, कार्यक्रम अधिकारियों, तकनीकी अमले एवं जनपद पंचायत स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मजदूरी भुगतान से जुड़ी खातों

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सरकार से लगाई गुहार

# आधा मई गुजरा, नहीं मिला एनएचएम कर्मियों को वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- अप्रैल का वेतन जल्द जारी करने की गुहार

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने एनएचएम कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान को लेकर नाराजगी जताई है। संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य संचालक और मिशन संचालक स्वास्थ्य सेवाओं से अप्रैल माह का वेतन जल्द जारी करने गुहार लगाई है।

उन्होंने कहा कि मई माह आधा बीत चुका है, लेकिन अब तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सैय्यद असलम ने कहा कि प्रदेश के नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच वेतन मिल जाता है। उसी तरह एनएचएम कर्मचारियों को भी समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वेतन में देरी के कारण कई कर्मचारी घर का किराया, बच्चों की स्कूल फीस और इलाज जैसे जरूरी खर्च पूरे नहीं कर पा रहे हैं। संघ ने मांग की है कि बजट का समय पर आकलन कर नियमित वेतन भुगतान की स्थायी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि कर्मचारियों को हर महीने परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### वेटनरी कॉलेज के प्राध्यापकों को तीन माह से नहीं मिली सैलरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कामधेनु विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों और प्राध्यापकों को पिछले करीब 3 माह से सैलरी नहीं मिली है। इसे लेकर लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक करीब 300 कर्मचारियों की सैलरी जारी नहीं हो पाई है। शासन से फंड रुकने की वजह से यह समस्या सामने आई है। इधर विभागीय प्रमुख पदों पर बैठे अधिकारियों को लेकर अन्य कर्मचारियों ने नाराजगी व्यक्त की है। उनके मुताबिक शासन ने फिजूलखर्ची पर कटौती लगाने के निर्देश जारी किया है। अनावश्यक खर्च को रोका जा रहा है, लेकिन कामधेनु यूनिवर्सिटी के अधिकांश कॉलेज और विभागों में शासन का यह आदेश बेअसर है। नियमित रूप से विभागीय प्रमुख, कॉलेज के प्रमुख पदों पर बैठे अधिकारी सरकारी गाड़ी से ही ऑफिस आवाजाही कर रहे हैं। इसे लेकर शासन स्तर पर शिकायत भी की गई है। वहीं कुलपति के शासन स्तर पर वस्तु स्थिति से अवगत नहीं कराने की वजह से वेतन का मामला अटका हुआ है।

## खबर संक्षेप



### डोम शेड बनेगा वार्ड-6 में

**जामुल।** संतोषी चौक पुरानी बस्ती वार्ड -6 में डोम शेड निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। रामसेवक यादव एवं पूर्व पार्षद ललिता ठाकुर के घर के पास अधोसंरचना मद से वार्ड पार्षद संजय देशलहरे के अथक प्रयास से 5 लाख राशि की लागत से स्वीकृति मिली है1 इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर वार्ड पार्षद संजय देशलहरे, पंडित राजू शर्मा एवं वार्डवासी ढाल सिंह ठाकुर पूर्व पार्षद ललिता ठाकुर, रामकली निषाद, मनबोध निषाद, तीजबती निर्मलकर और सुमन निषाद के अलावा जामुल नपाप के उप अभियंता सचिन भागवत आदि उपस्थित थे।

### बारिश से पहले जारी है साफ सफाई अभियान



**अंडा।** बारिश के मौसम को देखते हुए ग्राम पंचायत अंडा में गांव की साफ-सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पंचायत द्वारा गांव की प्रमुख नालियों की साफ-सफाई कराई जा रही है, ताकि बरसात के दौरान पानी भराव और गंदगी की समस्या उत्पन्न न हो। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा उपस्थित रहे।

### निधन

**प्रेमा देवी यादव**



**भिलाई।** सेक्टर-2 क्वार्टर नंबर 13 सी, सड़क चार निवासी प्रेमा देवी यादव (89 वर्ष) का निधन 18 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 मई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व युधिष्ठर यादव की पत्नी, विनय यादव, संजय कुमार यादव एवं सुरेखा यादव की मां थीं।

# सुखरी स्टॉप डैम प्रभावित किसानों को अब तक नहीं मिला मुआवजा

## किसान बंधु संगठन ने प्रशासन से लगाई गुहार : बाबा टेकसिंह चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

विकासखंड धमधा के ग्राम सुखरीकला के किसानों को वर्ष 2022–23 में बनाए गए स्टॉप डैम निर्माण कार्य का मुआवजा आज तक नहीं मिल पाया है। इस मुद्दे को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। किसानों का कहना है कि जल संरक्षण और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बनाए गए स्टॉप डैम के कारण उनकी कृषि भूमि प्रभावित हुई, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक मुआवजा वितरण की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई।

ग्राम के किसानों ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान लगभग 8 किसानों की जमीन एवं फसल प्रभावित हुई थी। प्रशासन द्वारा उस समय मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन करीब 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी किसानों को कोई आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई। इससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



इस मामले को गंभीरता से लेते हुए किसान बंधु संगठन, धमधा ब्लॉक ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, धमधा को आवेदन सौंपकर जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों के साथ लंबे समय से अन्याय हो रहा है और यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करने पर भी विचार किया जाएगा। इस दौरान किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने कहा कि "किसान देश की रीढ़ हैं, लेकिन आज वही किसान अपने हक और मुआवजे के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। प्रशासन को चाहिए कि प्रभावित किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मुआवजा वितरण की प्रक्रिया पूरी करे। किसान बंधु संगठन हमेशा किसानों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ता रहेगा।" उन्होंने आगे कहा कि "सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है, लेकिन जमीन प्रभावित होने के बाद भी किसानों को उनका हक समय पर नहीं मिलना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। किसानों का कहना है कि एक ओर सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित किसानों को उनका अधिकार समय पर नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर तत्काल मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए। गांव के किसानों और किसान बंधु संगठन ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करेगा, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके। आवेदन सौंपने वालों में बाबा टेकसिंह चंदेल किसान नेता, आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा चंदू लोधी इत्यादि किसान जन उपस्थित थे।

## दिसंबर में सचिवों के तबादलों से उपजा विवाद

# हस्ताक्षर का नमूना नहीं बदलने से निकुम में थमा विकास,गतिरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

### सरपंच-पंच के अलावा ग्रामीण भी हैं परेशान



ग्राम पंचायत निकुम में बीते 4 महीने से सचिव के हस्ताक्षर का नमूना बदलने नहीं जाने से विकास कार्यों पर ग्रहण लग गया है। इस वजह से पंचायत के कार्यों में बाधा आ रही है और सरपंच-पंच गण परेशान हैं।

इसके चलते जनपद दुर्ग के सीईओ द्वारा हस्ताक्षर प्रमाणित नहीं किया जा रहा है। कुल मिलकर अफसरों व कर्मचारियों के बीच की लड़ाई का खामियाजा निकुम के लोगों को विकास कार्य रुकने के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 3 दिसंबर को कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग से सामान्य प्रशासनिक फेरबदल के तहत जिले में कार्यरत 10 ग्राम पंचायत सचिवों को इधर से उधर किया गया। इसमें एक को छोड़कर जिले के सभी सचिवों ने आदेश का पालन करते हुए पंचायत में कार्यभार ग्रहण कर लिया। वहीं निकुम की सचिव ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया, इसका कारण यह है कि ट्रांसफर सूची में शामिल ग्राम पंचायत हनोदा की सचिव भारती विश्वास का तबादला ग्राम पंचायत भरदा हुआ था, लेकिन वहां उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया और ऊपर से सीधे अपना नाम संशोधित कराकर निकुम तबादला करवा लिया।

यह जनपद सीईओ को नागवार गुजरा। भारती विश्वास के भरदा में पदभार नहीं लेने को गंभीरता से लेते हुए सचिव का मनमाना रवैया बताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस थमा दिया। साथ ही सीईओ जनपद दुर्ग ने बीते चार महीने से उनका वेतन भी रोक दिया। इस तरह जिला पंचायत से भारती विश्वास का स्थानांतरण निकुम हुआ है, लेकिन जनपद की अनुशंसा से भारती को भरदा जाना था। सीधे जिला पंचायत दुर्ग के आदेश पर निकुम में भारती विश्वास को सचिव पदस्थ कर देने को जनपद स्वीकार नहीं कर रहा है।

यही कारण है कि विभागीय अधिकारी हस्ताक्षर का नमूना बदल नहीं रहे हैं। सूची के अनुसार निकुम के सचिव के लिए प्रीतम कुर्रे का तबादला हुआ है। लेकिन उन्होंने भी कार्यभार नहीं लिया है। सवाल उठाया जा रहा है कि सचिव भारती विश्वास का भरदा पंचायत में ट्रांसफर होने के बावजूद पंचायत में कार्यभार नहीं लिया और सीधे बिना आधिकारिक संशोधन के आखिर किसके इशारे पर निकुम पहुंच गई।

**अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगाकर थक गया**

"बीते चार महीने से प्रशासनिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है, इस मामले को लेकर व अधिकारी व क्षेत्रीय विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर तक गया लेकिन अभी तक मामला फंसा है। विकास कार्य मानो थम सा गया है।

**भागवत पटेल**, सरपंच ग्राम पंचायत निकुम

**बहुत परेशान हैं ग्रामीण**

"गर्मी में पेयजल संकट सहित बारिश के पहले साफ सफाई सहित कई समस्या है। प्रशासनिक गतिरोध के चलते ग्रामीण बहुत ज्यादा परेशान है।

**नीरा बाई साहू**, पंच

**गंभीरता से कार्य करें**

"विभागीय अधिकारी व संबंधित विभाग इस मामले पर त्वरित व गंभीरता से कार्य करें तो समस्या से मुक्ति मिलेगी। ग्रामीणों के लिए विकास कार्य सहित सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित होगी।

**गोपेन्द्र साहू**, उपसरपंच

**विभागीय आदेश के पालन नहीं**

"इस मामले में विभागीय आदेश के पालन नहीं किया गया। वही मेरे विरुद्ध झूठी शिकायत कर दबाव बनाया जा रहा है। इसलिए हस्ताक्षर का नमूना बदला नहीं गया है।

**रूपेश पांडे**, जनपद सीईओ दुर्ग

## मांग व शिकायत के 81 आवेदन प्राप्त हुए जन समस्या निवारण शिविर में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

सुशासन तिहार 2026 जामुल पालिका क्षेत्र में तृतीय चरण की जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन मंगलवार को एसीसी मंगल भवन वार्ड - 13 में आयोजित किया गया। यहां वार्ड -08 वार्ड- 11 वार्ड -12 वार्ड-13 वार्ड - 14 एवं वार्ड-15 के निवासियों की समस्या के निवारण के लिए पहल की गई। शिविर में वार्ड के नागरिकों द्वारा मांग व शिकायत संबंधी 81 आवेदन प्रस्तुत किए गए जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा 05 शिकायत का तत्काल निराकरण किया गया1 इसके अतिरिक्त आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में दिव्यांग को ट्राई साइकिल वितरण किया गया एवं परिवहन विभाग द्वारा 55 आवेदक को लर्निंग लाइसेंस तत्काल बनाकर वितरण किया, 07 आवेदकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा 18 लोगों का आधार अपडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 67 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निः शुल्क दवाई वितरण किया गया, तथा 06 आवेदकों का राशन कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 03 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं का गोद भराई रस्म कर पोषक तत्व वितरण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू, पार्षदगण कविता बिश्वाल, रामदुलार साहू, दीपक गुप्ता, के राजू, राम प्यारी वर्मा, नोडल अधिकारी सचिन भागवत, सहायक नोडल अधिकारी हरीश साहू, सहित ब्लॉक स्तर के सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र के नागरिक गण उपस्थित थे1

■ अगला शिविर 26 मई को शिवपुरी वार्ड-16 में

सुशासन तिहार 2026 का चौथे चरण का जन समस्या निवारण शिविर 26 मई मंगलवार को शिवपुरी जामुल वार्ड नंबर 16 के मंगल भवन में रखा गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 16 वार्ड 17 एम वर्ड 18 के नागरिकों के लिए शिविर लगाया जा रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल रमाकांत साहू ने वार्ड के नागरिकों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर शिवपुरी जामुल वार्ड - 16 मंगल भवन में 26 मई मंगलवार को आयोजीत शिविर में आकर अपनी व अपने वार्ड की समस्या व मांग शिविर में रखें।

## उतई परिक्षेत्रीय सतनामी समाज ने दिखाई एकता 25 गांव के लोग हुए संगठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

ग्राम डुंडेरा मे स्थित राष्ट्रीय भारती हाईस्कूल मे उतई परीक्षेत्रीय सतनामी समाज का चुनाव आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 25 गाँवों के संत समाज एवं सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वसम्मति एवं मनोनयन प्रक्रिया के आधार पर चयन किया गया। इनमें अध्यक्ष ग्राम खम्मरिया (जिला दुर्ग) से चन्द्रप्रकाश टंडन, उपाध्यक्ष (महिला) राधा बांधे करगाडीह, उपाध्यक्ष (पुरूष) केशव महिपाल डुंडेरा, कंवल सिंह गायकवाड़ उमरपोटी और तुकाराम डहरिया खोपली का चयन किया गया।

इसी तरह सचिव चन्द्रभूषण कोसरे (ग्चिरपोटी), कोषाध्यक्ष कोमल सोनी (हनोदा), सहसचिव नीलम मारकंडे, मीडिया प्रभारी खिलेश बंजारे करगाडीह, संरक्षक तेजराम सोनवानी, बसंत लाल चंदेल, दिवाकर गायकवाड, यशवंत मंडले और संजय बंजारे को जवाबदारी दी गई।



## ठोस कचरे के निपटारे पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) नियम, 2026 और सर्वोच्च न्यायालय के हालिया दिशा-निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन हेतु नगर निकाय कार्यालय में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक में नगरीय निकाय के अध्यक्ष मीना वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, समस्त वार्ड पार्षदगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गौरव केशरवानी एवं स्वच्छता से जुड़े अधिकारी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के पालन हेतु बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश क्रमांक 6147/2023 के तहत अब वार्ड पार्षद केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि अपने वार्ड में स्रोत पर ही कचरा पृथक्करण शिक्षा के लिए मुख्य वैधानिक उत्तरदायी यानी नामित किए गए हैं। प्रत्येक वार्ड में पार्षद की अध्यक्षता में 'वार्ड स्वच्छता समिति' का गठन किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता पर्यवेक्षक, महिला स्वयं सहायता समूह और स्थानीय व्यापारी संघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

■ सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वार्ड पार्षदों की होगी मुख्य भूमिका

नियमके तहत अब नगर के सभी नागरिकों को अपने घरों और दुकानों में मिश्रित कचरा रखने की अनुमति नहीं होगी। अब प्रत्येक परिवार को अनिवार्य रूप से 4 अलग-अलग रंग के डिब्बों में कचरा बांटना होगा जिनमे हरा डिब्बा रसोई का गीला कचरा, नीला डिब्बा प्लास्टिक, कागज, कांच जैसे सूखा कचरा लाल डिब्बाः स्वास्थ्यकर अपशिष्ट जैसे डायपर, सैनिटरी नैपकिन इत्यादि और बैंगनी डिब्बा विशेष देखभाल अपशिष्ट जैसे दवाइयाँ, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, बैटरी) इत्यादि के लिए होंगी।

## अकतई में जनजातीय उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम पंचायत अकतई (चारभाठा रीवागहन ) ग्राम पंचायत भवन में जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान ग्राम पंचायत अकतई सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत अकतई में केंद्र सरकार की योजना लागू करने सरकार को ज़मीनी स्तर पर काम करना चाहिए। आयोजन में उपसरपंच दीपा मार्कण्डे सचिव कामता प्रसाद पटेल, रोजगार सहायक दिनेश कुमार चंद्राकर पंच देवेंद्र कुमार साहू, जीधन साहू, पीतांबर मार्कण्डे, यमुना ठाकुर कुलेश्वरी ठाकुर, मनोज मंडावी, पुष्पा सिन्हा, उषा रात्रे, हरीश साहू, देव राज ठाकुर, बुधीयारिन बाई ठाकुर, पुष्पा साहू एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी पहुंचे थे। अलख मार्कण्डे, खिलु सिन्हा, पंकज कुमार साहू, मुरारी साहू, संजय निषाद, संजय ठाकुर, स्वच्छता दीदी ललिता साहू, दुर्गा साहू, और योगेश कुमार मंडावी चौकीदार आदि उपस्थित रहे।



## कुम्हारी में धीवर समाज का भवन निर्माण, हुआ भूमिपूजन



**कुम्हारी।** स्थानीय धीवर समाज के भवन का भूमिपूजन वार्ड क्र.05 गौरव पथ के समीप पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने किया। इस मौके परेशान लोक निर्माण प्रभारी डिकेश पटेल, पीआईसी सदस्य अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, वार्ड पार्षद विकास सोनकर, पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, समाज के सियान सुखीत धीवर, शिव धीवर, कमलेश धीवर, युवा अध्यक्ष थानेश्वर धीवर (बिल्ला), राकेश धीवर सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बिजनेस साइट

## फ्लेक्सीकैप फंड्सः एक पोर्टफोलियो, कई मार्केट कैप



**राजेश सिंह गौड़**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

**भिलाई।** हालांकि सेंसेक्स का शानदार लॉन्ग-टर्म रिकॉर्ड दशकों से इक्विटी की दौलत बनाने की ताकत को दिखाता है-1979 में बीएसई सेंसेक्स में निवेश किया गया 1 लाख रुपये फरवरी 2026 तक 8.13 करोड़ रुपये का हो गया था। लेकिन, ज्यादातर आम निवेशकों के लिए असली मुश्किल यह चुनने में आती है कि कौन से स्टॉक्स खरीदेंः लार्ज, मिड या स्मॉल? लार्ज कंपनियां शायद ज्यादा स्थिरता दें, मिड-साइज कंपनियां ग्रोथ और स्केल का मिला-जुला रूप दें, जबकि स्मॉल-कैप कंपनियां ज्यादा ग्रोथ की संभावना दे सकती हैं, लेकिन उनमें जोखिम भी ज्यादा होता है।

एक और मुश्किल यह है कि मार्केट हमेशा एक ही सेगमेंट को फायदा नहीं देते। यहीं पर फ्लेक्सीकैप फंड्स काम आते हैं। फ्लेक्सीकैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में निवेश कर सकती है। कुछ दूसरी इक्विटी कैटेगरीज के उलट, इसमें किसी एक मार्केट-कैप सेगमेंट में निवेश के लिए कोई तय न्यूनतम हिस्सा नहीं होता। उदाहरण के लिए, लार्ज-कैप फंड्स को लार्ज-कैप स्टॉक्स में कम से कम 80 प्रतिशत निवेश करना जरूरी है, मिड-कैप और स्मॉल-कैप फंड्स को अपने-अपने सेगमेंट में कम से कम 65 प्रतिशत निवेश करना जरूरी है और मल्टीकैप फंड्स को लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में से हर एक में कम से कम 25 प्रतिशत निवेश करना जरूरी है। फ्लेक्सीकैप फंड में ऐसी कोई मार्केट-कैप की सीमा नहीं होती, जिससे फंड मैनेजर को पूरे मार्केट में निवेश करने की ज्यादा आजादी मिलती है।

इसका मुख्य विचार है लचकता और मजबूती। अगर लार्ज-कैप्स वैल्यूएशन या रिस्क-रिवॉर्ड के मामले में बेहतर लगते हैं, तो फंड उनकी तरफ ज्यादा निवेश कर सकता है। अगर मिड या स्मॉल-कैप्स बेहतर मौके देते हैं, तो फंड वहां अपना निवेश बढ़ा सकता है। यह बात इस कैटेगरी को उन निवेशकों से अलग बनाती है जो खुद से मार्केट-कैप साइकिल्स का सही समय पकड़ने की कोशिश करते हैं। आम निवेशकों के लिए, फ्लेक्सीकैप फंड्स एक अलग-अलग तरह के इक्विटी विकल्प के तौर पर काम करते हैं, जो पूरे मार्केट-कैप स्पेक्ट्रम में निवेश का मौका देते हैं। इसके लिए उन्हें लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप फंड्स में अलग-अलग निवेश बनाए रखने की जरूरत नहीं होती। असल में, ये एक ही पोर्टफोलियो के अंदर अलग-अलग मार्केट सेगमेंट में निवेश को फैलाने और बदलने की सुविधा और आसानी देते हैं।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड पर विचार कर सकते हैं। मार्केट कैप्स में इस स्कीम का प्रभावशाली निवेश का तरीका इसे मार्केट की अलग-अलग स्थितियों से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में रखता है। 30 अप्रैल, 2026 तक, इसने एक वर्ष में 7.85 प्रतिशत, तीन वर्षों में 17.49 प्रतिशत, और शुरुआत (जुलाई 2021) से अब तक 14.12 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

### बिजनेस साइट

## गांधी विद्यापीठ राधिका नगर के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन



**भिलाई।** बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किए गए जिसमें गांधी विद्यापीठ राधिका नगर के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किए है। इस वर्ष केन्द्रीकृत बोर्ड परीक्षा कक्षा 5वीं व 8वीं का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया गया। कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा लिया गया। गांधी विद्यापीठ के बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। केन्द्रीकृत बोर्ड परीक्षा कक्षा 5वीं में भाविका दहाटे 98.5% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयांश सिंह परमार 97.5%, आयुष कुमार यादव 97.5%, शिवांगी देवांगन 97.5% एवं काजल ने 96.5% अंक प्राप्त किए। इसी तरह केन्द्रीकृत बोर्ड परीक्षा कक्षा 8वीं में मोहित कुमार सिंह 97.5%, लक्ष्मी कुमारी छिपेकर 97. 2% एवं मरियम फातिमा ने 96.3% अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में गौरव कुमार ने प्रथम स्थान तथा आदित्य पाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में निखिल जैन ने प्रथम स्थान तथा कनक यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं। गांधी विद्यापीठ के इस शानदार उपलब्धि के लिए सफल विद्यार्थियों को राधिका नगर शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष जयश्री मुखर्जी, सचिव बीएस सहगल, कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर परगनिहा, प्रबंधक श्यामल दास आदि ने बधाई दी है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# हॉस्पिटल सेक्टर के बेदखली से प्रभावित रहवासी मजदूरों को कोर्ट से बंधी नई उम्मीद

## दुर्ग कोर्ट में 26 मई को होगी सुनवाई, छमुमो समिति के साथ पहुंचे थे कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के बेदखली नोटिस से प्रभावित हास्पिटल सेक्टर के रहवासी मजदूरों को अदालत से अब नई उम्मीद बंधी है। जिला न्यायालय के बीएसपी को 300 दिन मे मामला निपटाने के आदेश के बाद अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत लोक अदालत व मध्यस्थता दुर्ग में 26 मई को सुनवाई होगी। सुनवाई के लिए रविवार को प्रभावित रहवासी छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के बैनर तले कोर्ट पहुंचे थे। लेकिन बीएसपी सहित शासन व निगम को कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा। आगमी सुनवाई 26 मई को है।

उल्लेखनीय है कि हॉस्पिटल सेक्टर में निवासरत 702 परिवारों को बेदखल करने के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा लगातार नोटिस जारी किए जाते रहे। इसके बाद वर्ष 2016 में बुलडोज़र के माध्यम से बेदखली की कार्रवाई की गई। इसमें दो आवासीय ब्लॉकों को तोड़ दिया गया था। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता समिति के कलादास डहरिया ने बताया कि बेदखली कार्रवाई के विरुद्ध छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता समिति व मेहनतकश आवास अधिकार संघ ने प्रभावित रहवासियों, यूनियनों व जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर बेदखली कार्रवाई का विरोध किया था। छमुमो कार्यकर्ता समिति व मेहनतकशा आवास संघ ने इस कार्रवाई के विरोध में हॉस्पिटल सेक्टर के रहवासियों ने बिलासपुर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने उन्हें स्थगन आदेश प्राप्त हुआ। यह स्टे वर्ष 2024 तक जारी रहा। बाद में वर्ष 2025 में बिलासपुर हाई कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए कहा कि मामले को निचली अदालत के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए।

### लोक अदालत पहुंचा मेहनतकश आवास अधिकार संघ

मेहनतकश आवास अधिकार संघ ने इस आदेश को स्वीकार करते हुए निचली अदालत में प्रकरण प्रस्तुत कर रहवासी मजदूरों के लिए न्याय की गुहार की। सबसे पहले संयंत्र के संपदा न्यायालय में मामला चला, जहाँ अवैध कब्जा के नाम पर नोटिस बाँटे गए। विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए बिना 11 लोगों को तत्काल मकान खाली करने का आदेश दे दिया गया। इस आदेश के विरुद्ध संगठन द्वारा दुर्ग जिला न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर की गई। इस पर 14 मई 2026 को न्यायालय ने आदेश दिया कि बीएसपी विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए गुण-दोष के आधार पर 300 दिनों के अंदर मामले का निराकरण करे। इसी बीच, हाई कोर्ट के निर्णय को चुनौती देते हुए संगठन सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली पहुँचा, जहाँ मामला वर्तमान में लंबित है। अब तक एक सुनवाई हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा देशभर में लंबित मामलों के निपटारे के लिए लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से समाधान की मुहिम चलाई जा रही है। हॉस्पिटल सेक्टर के बेदखली मामले को को भी मध्यस्थता के लिए भेजा गया।



### टोपो की अदालत में प्रभावितों की गुहार

18 मई सोमवार को सुको के निर्देश पर सुनीता टोपो की दुर्ग लोक अदालत में मध्यस्थता के लिए पेशी निर्धारित थी। इस दौरान मजदूरों ने चिलचिलाती धूप में अपने छोटे-बच्चों के साथ हॉस्पिटल सेक्टर से कोर्ट में उपस्थित हुए, लेकिन बीएसपी, छग सरकार तथा भिलाई नगर निगम की ओर से कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद न्यायालय ने अगली पेशी 26 मई 2 निर्धारित की है। छमुमो समिति के श्री डहेरिया ने बताया कि हॉस्पिटल सेक्टर के मजदूर अपने आवास के अधिकार के लिए सड़क और न्यायालय दोनों स्तरों पर संघर्षरत हैं। हास्पिटल सेक्टर के अधिकतर रहवासी सेक्टर नौ हास्पिटल से रिटायर कर्मियों के बच्चे व मरीजों के अटेंडेंस हैं। हमें अब अदालत से इंसाफ की नई उम्मीद बंधी है। मामले की सुनवाई के दौरान दुर्ग कोर्ट में रहवासियों व छमुमो के नारायण राव, लक्ष्मी यादव, अरुणा, अनुसुइया खरे, सुदरिया, सारदा, बबलू, के. मैरी, इश्रातम्मा, बालम्मा, नीरा डेहरिया, ब्रम्हा, लता, मोहन, चिमन, राही, चमेली सहित हॉस्पिटल सेक्टर के अनेक निवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### वृद्ध दंपत्ति के खाते से केयर टेकर ने रकम निकाली, गिरफ्तार

**भिलाई।** वृद्ध दंपत्ति के खाते से महिला केयर टेकर ने 40 हजार 85 रुपए निकालने वाली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि 17 मई को पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत किया कि उनके वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिए महिला को केयर टेकर रिसाली सेक्टर निवासी स्मिता बरगटे को रखा गया था। महिला घर और बैंक से जुड़ी कई जरूरी जानकारियां भी दी गई थीं। जिससे वह वृद्ध दंपती की मदद कर सके। इसी भरोसे का फायदा उठाकर महिला ने बैंक खाते से रकम निकाल ली। परिवार को जब खाते से पैसे निकलने की जानकारी मिली तो उन्होंने बैंक ट्रांजेक्शन की जांच कराई। जांच में पता चला कि खाते से 40 हजार 85 रुपए निकाले गए हैं। नेवई पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। तकनीकी और दस्तावेजी जांच की गई। बैंक ट्रांजेक्शन और अन्य रिकॉर्ड खंगाले। जांच के दौरान आरोपी महिला का पता लगाकर उससे पूछताछ की गई। महिला ने बैंक खाते से रकम निकालने की बात स्वीकार कर ली। स्मिता बरगटे को को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।



### वाहन टक्कर के बाद विवाद, तीन युवक समेत नाबालिग गिरफ्तार

**भिलाई।** वाहन टक्कर को लेकर विवाद करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर चार को गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि विशाल मेगा मार्ट पदमनाभपुर के सामने आपस में वाहनों में टक्कर हो गया। टक्कर में विवाद हुआ और मारपीट हो गया। विशाल मेगा मार्ट के सामने आरोपी बोरसी दुर्ग निवासी लोकेश्वर साहू लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीड़ित के बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन चालक सड़क पर गिर गए। घटना के बाद आरोपी लोकेश्वर साहू, कसारीडीह वार्ड 44 अंकित परगनिहा, बोरसी सुभाष चौक ओमप्रकाश उर्फ बप्पी देवांगन और अपचारी बालक एक राय होकर पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। डंडा, पत्थर से हमला कर मारपीट कर दिया। घटना में पीड़ित के सिर, आंख, कंधे में चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य को भी आरोपी युवकों ने जमकर पिटा है। घटना में बीच-बचाव कर रहे शकील खान निवासी केलाबाड़ी के सिर में गंभीर चोट आई है।

### संयुक्त यूनियन ने इस्पात सचिव व सेल चेयरमेन को सौंपा ज्ञापन

# बीएसपी में ठेका श्रमिकों की 40% कटौती से बढ़ेगी बेकारी और औद्योगिक अशांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत श्रमिकों की 40% कटौती संबंधी निर्देश को तत्काल वापस लेने के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन भिलाई द्वारा इस्पात सचिव, इस्पात मंत्रालय दिल्ली के नाम औद्योगिक संबंध विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा ज्ञापन सौंपा गया । सेल के मुख्य प्रबंध निदेशक और बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज को भेजी प्रतिलिपि में मांगों पूर्ण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस दौरान संयुक्त ट्रेड यूनियनों में एटक, एक्टू, सीटू और लोइमू के पदाधिकारी शामिल हुए।

यूनियन नेताओं ने बताया कि बीएसपी में अत्यंत जटिल एवं जोखिमपूर्ण औद्योगिक इकाई है, जहाँ भारी मशीनरी, उच्च तापमान, अत्यधिक धूल तथा विषैले धुएँ जैसी कठिन परिस्थितियों में कार्य किया जाता है। ब्लास्ट फर्नेस, स्टील मेल्टिंग शॉप, आईएमएफ, बैटरी, सिंटर प्लांट आदि विभागों में होने वाले अधिकांश कठिन एवं जोखिमपूर्ण कार्य श्रमिकों द्वारा संपादित किए जाते हैं। अधिकांश कार्य अभी भी मैनुअल प्रकृति के हैं। वर्तमान में स्थायी कर्मचारियों की संख्या निरंतर घट रही है तथा औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आवश्यक मानव संसाधन के अध्ययन के बावजूद नई नियुक्तियाँ नहीं की जा रही हैं। ऐसी स्थिति में उत्पादन एवं उत्पादकता बनाए रखने की मुख्य जिम्मेदारी श्रमिकों पर ही आ गई है।



### वर्कशॉप और तकनीकी कार्यों में श्रमिकों की है जरूरत

तीनों शिफ्टों तथा सामान्य शिफ्ट में विद्युत पैनल, विद्युत सर्किट, भूमिगत कार्य, वर्कशॉप रखरखाव तथा अन्य तकनीकी कार्यों में पर्याप्त मानव संसाधन की आवश्यकता होती है। सुरक्षा मानकों के पालन के लिए प्रत्येक कार्यस्थल पर कम-से-कम दो या अधिक अनुभवी श्रमिकों की आवश्यकता अनिवार्य होती है। विशेष रूप से विद्युत कार्यों, लोकोमोटिव संचालन, यार्ड संचालन, भूमिगत कार्यों तथा भारी सामग्री खींचने जैसे कार्यों में एक व्यक्ति द्वारा कार्य संपादित करना संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक स्थान पर कार्य की आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम मानव संसाधन की तैनाती की जाती है, जिसे लाइन मैनेजर एवं शॉप स्तर के अधिकारी भी आवश्यक मानते हैं। वर्तमान में कार्य पहले से ही अत्यधिक तनावपूर्ण परिस्थितियों में किया जा रहा है। मशीनरी, पैनल नियंत्रण तथा अन्य तकनीकी गतिविधियों का संचालन एवं रखरखाव पर्याप्त मानव संसाधन के बिना संभव नहीं है। श्रमिकों की संख्या में 40% कटौती करना एसओपी एवं एसएमपी के तहत निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा व्यवस्था के पूर्णतः विपरीत है।

### यह हैं प्रमुख मांगें

बीएसपी मेंलागत कम करने के नाम पर 40% श्रमिकों की कटौती न करें। कटौती से श्रमिकों को असुरक्षित परिस्थितियों में कार्य करने के लिए विवश करेगा, जो श्रम कानूनों, सुरक्षा नियमों एवं निष्पक्ष श्रम प्रथाओं के विरुद्ध है। सभी श्रमिक स्थायी एवं चिरस्थायी प्रकृति के कार्यों में संलग्न हैं। सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों की भावना के भी विपरीत होगा।उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य मशीनों एवं भट्टियों की क्षमता वृद्धि, उचित रखरखाव, सुरक्षित कार्य परिस्थितियों तथा गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल एवं तैयार लौह अयस्क की उपलब्धता सुनिश्चित करें । लागत एवं व्यय नियंत्रण के अनेक अन्य उपाय संभव हैं। श्रमिकों की संख्या में 40% कटौती करने से दुर्घटनाओं, असंतोष, मानसिक तनाव एवं शारीरिक दबाव में वृद्धि होगी व सामाजिक असंतोष उत्पन्न होगा। यूनियन नेताओं ने कटौती आदेश को न निरस्त करने की मांग की।

# सुशासन तिहार में लोगों ने जमा किए अनेक शिकायतों के आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ हाऊसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड सामुदायिक भवन में आयोजित

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत वैशाली नगर में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने हेतु 19 मई 2026, मंगलवार को वैशाली नगर स्थित हाऊसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड सामुदायिक भवन में जन समस्या निवारण हेतु सुशासन शिविर का आयोजन किया गया है।

इस शिविर में वार्ड क्रमांक 21 कैलाश नगर, 22 कुरुद बस्ती, 23 घासीदास नगर, 24 हाऊसिंग बोर्ड एवं 25 जवाहर नगर हाऊसिंग बोर्ड के नागरिक शामिल होकर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का निराकरण तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने आवेदन भी जमा किये हैं । शिविर में राष्ट्रीय आयुष मिशन, मेडिकल स्वास्थ्य विभाग, एम.एम.यू. चलित स्वास्थ्य शिविर, महिला एवं बाल विकास विभाग, उज्ज्वला योजना, पशुधन विभाग, राशन कार्ड, पेयजल एवं जल कार्य, लोक कर्म विभाग, नामांतरण एवं लीज डीड फ्री-होल्ड, राष्ट्रीय पेंशन योजना, जन स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण विभाग, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, श्रम विभाग, ई-श्रमिक कार्ड, वन विभाग, पुलिस सहायता केन्द्र तथा जन मित्र योजना सहित विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए। शिविर में नागरिकों को स्वास्थ्य जांच, दस्तावेज संबंधी मार्गदर्शन, योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान की गई। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने एवं अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की गई थी।

# स्मृति नगर रोड जगदंबा डेयरी के पास जाम से लोग परेशान, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्मृति नगर रोड जगदंबा डेरी के पास में इन दिनों जाम की स्थिति बनी रहने से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम के व्यस्त समय में सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और स्थानीय व्यापारियों को काफी दिक्कत होती है। मंगलवार को एक एंबुलेंस फंसी थी। जिसका वीडियो शारदा गुप्ता के पास उपलब्ध है। एंबुलेंस वापस टर्न होकर दूसरे रास्ते से गई। आज की स्थिति में एक हाईवा ट्रक सामने चल रही थी और हाईवे को पर्याप्त जगह न मिलने के कारण और लंबी जाम लग गई।



जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता का कहना है कि सड़क किनारे अगर कोई बड़े वाहन आ जाए और टर्न लेने में दिक्कत हो रही हो तो पूरी सड़क जाम हो जाती है। ऐसा कई बार देखा गया है आमजन मानस परेशान रहता है। इस सड़क का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है क्योंकि शैक्षणिक संस्थान चौपाटी होने के कारण इस सड़क पर बहुत ज्यादा दबाव रहता है जाम लगता है। पुलिस प्रशासन भी घटनास्थल तक पहुंचने में समय लगता है। जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। झरोखा मैरिज प्लेस के पास भी शादी होने पर लोग घंटे फंसे रहते हैं वहां पर भी वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है। जनहित संघर्ष समिति ने मांग की है कि इस रोड पर 112 की गाड़ियां नियमित रूप से ग्रस्त करें। अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार सड़क चौड़ीकरण और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था भी की जाए।

मांग करने वाले में प्रमुख रूप से विनोद उपाध्याय, निशु पांडे, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, कन्हैया सोनी, बृजमोहन उपाध्याय, बंटी नाहर, अखिलेश वर्मा आदि शामिल थे।

# बीएसपी में फिर हुई प्रबंधकीय सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ एक्जीक्यूटिव के बाद अब तीस कर्मियों के तबादले

भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रबंधकीय सर्जरी का सिलसिला जारी है। मंगलवार को फिर टाउनशिप में बड़ा फेरबदल किया गया। तीन कर्मचारियों को विभिन्न विभागों में स्थानांतरित किया गया है। कई कर्मचारी पंद्रह बीस साल से एक ही विभाग में जमे हुए थे।


बीएसपी में काम काज में कसावट लाने के लिए कर्मियों और अधिकारियों को इधर उधर किया जा रहा है। इसके पूर्व नौ मई को प्लांट व टाउनशिप के विभिन्न विभागों में 45 अधिकारियों के तबादले किए गए थे। इसके बाद आज मंगलवार को 30 कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया। ईडी एचआर के आदेश के तहत जारी सर्कुलर में कई अहम विभागों में तबादले हुए हैं। स्थानांतरित तीस कर्मियों में पर्सनल, मेडिकल, नगर सेवाएं, क्रीड़ा एवंस सांस्कृतिक व सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग आदि महकमे शामिल हैं। कुछ विभागों में स्थानांतरित कर्मचारी पंद्रह बीस साल से एक ही विभाग में जमे हुए थे। सूत्रो के मुताबिक अब तक एक्जीक्यूटिव व नान एक्जीक्यूटिव तबादलों स्टील सेक्रेटरी के निर्देश पर बताए जा रहे हैं। प्रबंधकीय कसावट के साथ मेनपावर पर अंकुश लगाना बताया जा रहा है। बीएसपी सहित सेल में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम लागू हो चुकी है जबकि सीआर की भी तैयारी है।






Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



कुर्ती की नेकलाइन को...

## लाइव इवेंट

### पानी बोतल, गमछा और नाश्ता प्रदान कर सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**भिलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था, भिलाई द्वारा संचालित सफाई मित्र आभार पखवाड़ा के अंतर्गत मंदलवार दोपहर 1 बजे वार्ड 69 और 70 के सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्षद शिजु एंथोनी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय दानी ने सफाई कर्मियों को पानी की बोतल, गमछा और नाश्ता प्रदान कर उनका सम्मान व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिजु एंथोनी और संजय दानी ने कहा कि भीषण गर्मी में भी सफाई मित्र निरंतर सेवा देते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी वास्तव में समाज के पर्यावरण सुरक्षा के प्रातः प्रहरी हैं, जिनके परिश्रम का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। संस्था के महासचिव राकेश रत्नाकर की अगुवाई में चलाए जा रहे इस सफाई मित्र आभार पखवाड़ा के माध्यम से विभिन्न वार्डों में जाकर सफाई कर्मियों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की जा रही है।

इस अवसर पर संस्था के प्रतीक भोई, रघुवंश सैनी, रमेश प्रजापति, रामेश्वके प्रसाद पांडे, जी.पीके त्रिपाठी, जे पी सिंह, संतोष जाटव, शंकर राव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे सफाई मित्रों का सम्मान करें और गर्मी के मौसम में उन्हें ठंडा पानी उपलब्ध कराकर उनका सहयोग स्वस्फूर्त करें।

● रूंगटा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने माइनिंग में प्रदूषण रोकने तैयार की स्वर्ल-इंड्यूसिंग पाइपलाइन

# बीएसपी की खदानों में अब कम उड़ेगी धूल, खर्च और प्रदूषण से राहत दिलाने के लिए शोधकर्ताओं ने इजाद की नई तकनीक

**रूंगटा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने माइनिंग सेक्टर के लिए ऐसी नई तकनीक तैयार की है, जिससे खनिज परिवहन आसान, सस्ता और पर्यावरण के लिए सुरक्षित हो सकेगा। इस रिसर्च का नेतृत्व प्रोफेसर डॉ. राम कृष्ण राठौर कर रहे हैं। रिसर्च के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद यानी एआईसीटीई से 41 लाख रुपए की रिसर्च ग्रांट मिली है।**





**भिलाई।** यह तकनीक आने वाले समय में भिलाई इस्पात संयंत्र की हिर्री, नंदिनी, राजहरा, रावघाट सहित एनएमडीसी, एसईसीएल और दूसरी माइनिंग कंपनियों में इस्तेमाल हो सकती है। थोड़ा बदलाव कर इसे नगर निगम की सीवेज पाइपलाइन और दूसरे मिनरल ट्रांसपोर्ट सिस्टम में भी उपयोग किया जा सकेगा। यह तकनीक बिना किसी अतिरिक्त मशीन या मोटर के काम करती है। पाइपलाइन की बनावट में बदलाव करके फ्लो को कंट्रोल किया जाता है। इससे रखरखाव का खर्च कम होगा और सिस्टम लंबे समय तक आसानी से काम करेगा। रिसर्च में कंप्यूटर आधारित सीएफडी तकनीक का उपयोग किया गया है और 3डी प्रोटोटाइप का सफल परीक्षण भी किया जा चुका है। भारत सरकार के कोलकाता पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट जारी कर दिया है।

### अभी क्या है माइनिंग में समस्याएं

अभी खदानों से लौह अयस्क, कोयला और दूसरे खनिज ट्रकों या सामान्य पाइपलाइन से भेजे जाते हैं। इससे धूल उड़ती है, डीजल और बिजली ज्यादा खर्च होती है और पाइपलाइन जल्दी खराब हो जाती है। कई बार पाइपलाइन के अंदर खनिज जमा होने से रुकावट भी आती है। इसका असर आसपास के गांवों और लोगों की सेहत पर पड़ता है। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क हादसे, शोर और प्रदूषण भी बढ़ता है।

### शोध में क्या हल निकला

इन समस्याओं को कम करने के लिए वैज्ञानिकों ने स्वर्ल-इंड्यूसिंग पाइपलाइन तकनीक तैयार की है। इसमें पाइपलाइन के अंदर खास तरह का घुमावदार डिजाइन बनाया गया है। इससे पाइप के भीतर भंवर जैसा फ्लो बनता है और खनिज के कण लगातार चलते रहते हैं। इससे खनिज नीचे नहीं जमता और पाइपलाइन में रुकावट कम होती है। पाइप की दीवारों पर घिसाव भी कम होता है, जिससे पाइपलाइन लंबे समय तक चल सकती है। इस तकनीक से करीब 35 प्रतिशत तक ऊर्जा बचत हो सकती है। पाइपलाइन का नुकसान 15 से 30 प्रतिशत तक कम हो सकता है। इससे कंपनियों का खर्च घटेगा और कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि इसे बड़े स्तर पर अपनाया गया तो माइनिंग क्षेत्रों में धूल और प्रदूषण काफी कम हो सकता है।

### इनका रहा प्रोजेक्ट में सहयोग



इस प्रोजेक्ट में रूंगटा यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अग्निवेश कुमार सिन्हा, आईआईटी-आईएसएम धनबाद के डॉ. निरंजन कुमार और इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में एनएमडीसी के आला अधिकारी और इंजीनियर्स जुड़े हैं। रूंगटा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन का विशेष मार्गदर्शन रहा। प्रोजेक्ट के लिए एनएमडीसी से 25 लाख रुपए का सहयोग प्रस्तावित है। अगले 36 महीनों में इसे बाजार के लिए तैयार करने की योजना है।

### पहले क्या दिक्कत थी

- पाइपलाइन जल्दी घिस जाती थी।
- धूल और प्रदूषण ज्यादा फैलता थी।
- ट्रकों से ईंधन खर्च बढ़ता था।
- पाइपलाइन में रुकावट आती थी।
- गांवों और लोगों को परेशानी होती थी।

### नई तकनीक से फायदा

- 35 प्रतिशत तक ऊर्जा बचत।
- पाइपलाइन की उम्र बढ़ेगी।
- धूल और प्रदूषण कम होगा।
- ट्रांसपोर्ट खर्च घटेगा।
- सडक़ हादसे और शोर कम होंगे।

## लाइव इवेंट

### एग्रीगेशन ऑफ सीए फर्म्स विषय पर हाफ डे सेमिनार, 70 सदस्यों ने की चर्चा



**भिलाई।** आईसीएआई भिलाई शाखा सीआईआरसी द्वारा एग्रीगेशन ऑफ सीए फर्म्स विषय पर हाफ डे सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 सदस्यों ने सहभागिता की। सेमिनार में भिलाई शाखा के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ सदस्य और प्रबंध समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आईसीएआई के सीसीएम और एग्रीगेशन ऑफ सीए फर्म्स कमेटी के चेयरमैन सीए सतीश गुप्ता रहे। उन्होंने नेटवर्किंग इन कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर सीए फर्म्स विषय पर अपने विचार साझा करते हुए वर्तमान समय में सीए फर्म्स के विस्तार, नेटवर्किंग एवं प्रोफेशनल सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलते व्यावसायिक परिवेश में एग्रीगेशन एवं सहयोगात्मक कार्य प्रणाली से सीए फर्म्स नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष सीए सुखदेव राठी के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सदस्यों के व्यावसायिक विकास एवं नई संभावनाओं के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम का संचालन सीए करण धोड़ी द्वारा किया गया। कार्यक्रम निदेशक के रूप में सीए मिनेश जैन ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में शाखा सचिव सीए प्रतीक अग्रवाल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# एससी-एसटी के होनहारों के लिए सुनहरा मौका 6वीं में फ्री आवासीय पढ़ाई, 20 जून तक करें आवेदन

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत जिले के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं से वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थियों को आवेदन पत्र 20 जून तक संबंधित शाला से प्राप्त कर जमा करना होगा। परीक्षा 26 जुलाई, रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस योजना के तहत जिले के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं, जो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को किसी मान्यता प्राप्त शाला से कक्षा 5वीं नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे। पालक की आय समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रुपये 2.50 लाख से अधिक न हो, निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिये। इस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में ही अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्हें जिला स्तरीय उत्कृष्ट आवासीय शिक्षण संस्थाओ में शासकीय व्यय पर अध्ययन उपलब्ध कराया जायेगा। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के साथ-साथ उनके रहने, खाने एवं सामान्य चिकित्सा का व्यय भी शासन द्वारा वहन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को शासन द्वारा देय छात्रवृत्ति एवं शिष्यवृत्ति की पात्रता नही होगी। योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अंतिम बोर्ड 12वीं परीक्षा तक ही निर्धारित लाभ की पात्रता होगी। असफल होने की स्थिति में अगले सत्र से योजना का लाभ स्वयंमेव समाप्त हो जाएगा।






इच्छुक छात्र निर्धारित आवेदन पूर्ण कर अध्ययनरत संस्था में 20 जून तक जमा कर सकेंगे। यह आवेदन पत्र शाला प्रमुख द्वारा प्रमाण पत्रों की जांच कर 27 जून तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करेंगे और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी 30 जून तक समस्त आवेदनों की सूची तैयार कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय दुर्ग में कार्यालयीन समय तक जमा करेंगे।

# कोक ओवन विभाग में मॉकड्रिल




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओसीसीडी) के बेंज़ोल रिकवरी प्लांट 1 विषाक्त गैस रिसाव (गैस पॉइजनिंग) पर आधारित मॉक ड्रिल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न एजेंसियों की तत्परता, समन्वय क्षमता को परखा गया। इसमें अग्निशमन विभाग, मुख्य चिकित्सा पोस्ट, ऊर्जा प्रबंधन विभाग, सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, पर्यावरण विभाग, एनओएचएससी, सिविल डिफेंस, सीआईएसएफ आदि विभागों के कर्मी शामिल हुए। मांकड्रिल बाद मुख्य महाप्रबंधक के कॉन्फ्रेंस हॉल में पोस्ट मॉक ड्रिल समीक्षा बैठक हुई।इस मॉक अभ्यास के माध्यम से आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, अंतर-विभागीय समन्वय तथा किसी भी आकस्मिक घटना से सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से निपटने की तैयारियों का मूल्यांकन किया गया।



## लाइव इवेंट

### पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर आज से कोहका में



**भिलाई।** अंचल वासियों के उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन को समर्पित पतंजलि योग समिति, जिला-दुर्ग के तत्वावधान में पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर 20 मई से 24 मई तक महर्षि दयानंद स्कूल प्रांगण, कुरूद रोड, कोहका, भिलाई में किया जा रहा है। योग कर्मसु कौशलम्-के ध्येय वाक्य के साथ रोजाना सुबह 5.30 से 7 बजे तक आयोजित यह शिविर आमजन को मानसिक शांति और शारीरिक आरोग्य प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया रहा है। इस शिविर में अनुभवी योग शिक्षकों द्वारा विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिसमें प्राणायाम और योगाभ्यास बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि के लिए, मानसिक स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए तनाव मुक्ति और मानसिक शांति के सरल एवं प्रभावी उपाय और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के अंतर्गत अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा व्यक्तिगत परामर्श और सही तकनीक का प्रदर्शन होगा।

## प्रभंजय चतुर्वेदी ने गायन से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए

# भिलाई आइडल गायन प्रतियोगिता में सुरों का महासंग्राम 88 सुरों ने बिखेरा जलवा, ग्रैंड फिनाले 24 को

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स समूह द्वारा आयोजित मेगा गायन प्रतियोगिता भिलाई आइडल का पहला ऑडिशन राउंड प्रगति भवन में संपन्न हुआ। दो ग्रुपों में हुई इस प्रतियोगिता में भिलाई-दुर्ग समेत अंचल के 88 प्रतिभागियों ने अपनी सुरीली आवाज से समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत निर्णायक मंडल के सदस्य स्वपन भट्टाचार्य, डॉ. ज्योति शर्मा, गौतमी बैनर्जी, ऑफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी के अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, भूतपूर्व सेक्रेटरी परविंदर सिंह, आयोजक महेश कुमार विनोदिया एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

### प्रभंजय ने दिए संगीत के टिप्स

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए गायन से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। संगीत गुरु रविश कालगांवकर की उपस्थिति ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। सभी 88 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालनएंकर राजेश वर्मा ने किया। आयोजन में शिप्रा मंडल, वीना दीक्षित, शांताराम वानखेड़े, सुनील परदेशी, गिरीश




चतुर्वेदी, जगजीत सिंह भाटिया, प्रशांत दीक्षित और प्रकाश बेहरा का विशेष योगदान रहा।

### 20 को सेकेंड राउंड, 24 को ग्रैंड फिनाले

आयोजक महेश कुमार विनोदिया ने बताया कि प्रथम ऑडिशन में चयनित प्रतिभागी 20 मई यानी आज भिलाई क्लब, सिविक सेंटर में होने वाले सेकेंड राउंड में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 24 मई को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में शाम 7 बजे से होगा। फिनाले में दोनों ग्रुपों के विजेताओं को भिलाई आइडल की ट्रॉफी, खिताब, कैश प्राइज व आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। इसके अलावा फर्स्ट रनर अप और सेंकेड रनर अप को भी ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### अंचल की प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

आयोजको ने बताया कि भिलाई-दुर्ग व आसपास के कलाकारों को मंच देकर उनकी प्रतिभा निखारना और संगीत जगत में नई पहचान दिलाने के लिए आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने 24 मई को होने वाले ग्रैंड फिनाले में सभी संगीत प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया है।






## सिटी इवेंट

# दो दिवसीय व्यापारिक सम्मेलन में दुर्ग के व्यापारियों ने की शिरकत



**भिलाई ।** लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय व्यापारिक सम्मेलन में देशभर के व्यापारी संगठनों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की टीम प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में शामिल हुई। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ठोस मंच तैयार करना था। कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी व्यापारी मंच के गठन का निर्णय लिया गया, जो पूरे भारत स्तर पर कार्य करेगा। इस मंच में विभिन्न व्यापारी संगठनों को जोड़ा जाएगा ताकि व्यापारियों की आवाज़ सीधे केंद्र सरकार तक पहुँच सके। इस पहल में प्रमुख रूप से स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान के संयोजक सतीश ने अपनी बात रखते हुए सभी संगठनों से आह्वान किया कि वे एक मत से इस मंच में प्रतिनिधित्व करें। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि आज की आवश्यकता है कि सभी व्यापारी संगठन एक छत के नीचे आएं और केवल समस्याओं को उठाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनके समाधान तक साथ चलें। इस विचार को सम्मेलन में व्यापक समर्थन मिला। साथ ही छत्तीसगढ़ में भी इसी तरह का व्यापारिक सम्मेलन आयोजित करने की योजना पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि यह मंच राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारियों की समस्याओं को केंद्र तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। मंच का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों और तकनीक को बढ़ावा देना तथा युवाओं को व्यापार क्षेत्र से जोड़ना है। इसके माध्यम से सरकार को यह सुझाव भी दिए जाएंगे कि किस प्रकार व्यापारियों को सरलता प्रदान कर राजस्व बढ़ाया जा सकता है।

सम्मेलन में चर्चा के दौरान कहा गया कि भविष्य में व्यापारियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क ट्रेड एग्रीमेंट और द्विपक्षीय ट्रेड एग्रीमेंट के अंतर्गत उत्पादों की पहचान कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जोड़ा जाएगा। इससे भारतीय व्यापारियों को नए अवसर मिलेंगे और स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी। सम्मेलन में भिलाई चेम्बर भी सक्रिय रूप से शामिल रहा। इस मुहिम में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बी.सी. भरतिया को संयोजक और संदीप बंसल को सह-संयोजक बनाया गया है।

इस कार्यक्रम में सुनिल मिश्रा, निरंकार सिंह, मनोहर कृष्णानी, गौरव मोंगिया, विजय मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

# विदाई समारोह में रिटायर कर्मियों ने अनुभव किए साझा



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 द्वारा अप्रैल में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। विदाई समारोह में रिटायर कर्मियों ने अपना सेवाकाल याद करते हुए भावुक हो गए और अपनी स्वरचित कविता भी सुनाई।

समारोह में स्वागत उपरांत सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर रिटायर कर्मियों को भविष्य की शुभकामनाएं दी। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष देवांगन ने कहा कि रिटायर कर्मियों ने सोसाइटी को अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ दिया है और अब सेवानिवृत्ति के उपरांत जीवन के नए पड़ाव पर भी सोसाइटी उनके साथ है।

इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से सेवानिवृत्त शिबोत्पल डे ने कहा वह सेक्टर 4 सोसाइटी में दूसरी पीढ़ी के सदस्य हैं। उनका कहना था कि सीपीएफ लोन और सोसाइटी का लोन ऐसी सुविधा है, जो यहां बीएसपी कर्मियों को आसानी से मिल जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि नए कर्मियों को इंडक्शन कार्यक्रम के माध्यम से सोसाइटी से जोड़ने प्रयास किया जाए।

ब्लास्ट फर्नेस से रिटायर संतोष कुमार ने अपने अनुभव बताते हुए कविता पढ़ी। मेडिकल से रिटायर मीना सावलकर, बंशीलाल चंद्रवंशी, प्रमोद कुमार, खेमलाल उईके, रमेश कुमार राउत, बी कृष्ण राव, विलास बुरहानपुरकर, बलराम भौर्य, राजेंद्र कुमार मेश्राम, संतोष कुमार सराठे, उमेश प्रसाद त्रिपाठी, हरिश्चंद्र ढोके, थान सिंह साहू, अनिल, अनिल कुमार सिंह, तामेलाल माहुले, अरूण कुमार जाम्बुलकर, ओमलाल नायक, महेश चंद, सी. लक्ष्मीकांत और पीलाराम ने भी अपने अनुभव व्यक्त किए।

इस अवसर पर सोसाइटी परिवार से उपाध्यक्ष असमां परवीन, अशोक राठौर, संचालक मंडल सदस्य विपिन बंछोर, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण ठाकुर और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू एवं सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन संचालक वेद प्रकाश सूर्यवंशी और आभार प्रदर्शन संचालक पुरुषोत्तम सिंह कंवर ने किया।



● इमोजी कैरेक्टर से दिखाया मां और बच्चों का वात्सल्य

# आम, बेल व सत्तू के शरबत ने गर्मी में कराया कूल अहसास, पारंपरिक परिधानों में दी भजनों की प्रस्तुति

भिलाई। तालपुरी में महिला समिति के तत्वाधान में गर्मी में कूल एहसास दिलाने शरबत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। महिला समिति ने मां के निस्स्वार्थ प्रेम, त्याग एवं समर्पण का सम्मान करने के लिए मदर्स डे सेलिब्रेट भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ मुख्य आकर्षण ठंडा-ठंडा, कूल-कूल शरबत बनाओं प्रतियोगिता रही। जिसमें पान, आम, बेल, सत्तू और नींबू के शरबतों ने गर्मी में ठंडक का एहसास कराया। इस आयोजन में भावना, संस्कृति और संगठनात्मक ऊर्जा का सामंजस्य देखने को मिला। इस अवसर पर समाज में मातृशक्ति के योगदान को सम्मान देते हुए 65 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं लता बाथरे, कृतिका साव, किरण परिहार, प्रेमा सिंह, निर्मला चंद्राकर, इंदु साहू, सीमा देबनाथ एवं बी बसवम्मा का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन

इस अवसर पर जहां पारंपरिक भारतीय परिधान में महिलाओं ने भजन, नृत्य और गीत प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया, वहीं शरबत प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें रिंकू पात्रो ने प्रथम एवं कृतिका साव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कंचन सक्सेना एवं अनीता दत्ता ने जजों की भूमिका निभाई। समिति की अध्यक्ष एडवोकेट रेखा सिंह ने मातृशक्ति को सलाम करते हुए अपने संबोधन में कहा कि मां निस्स्वार्थ प्रेम, ममता, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति होती हैं, उनका स्थान कोई नहीं ले सकता। उनके भावनात्मक शब्दों ने सभी उपस्थित महिलाओं को भावुक एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन की सह सचिव पायल पवार का स्वागत किया गया। साथ ही अध्यक्ष रेखा सिंह द्वारा पूर्व पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को प्रतीक चिह्न भेंट कर उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।





**इमोजी कैरेक्टर ने भरे रंग :** कार्यक्रम में मनोरंजन और उत्साह का रंग भरने के लिए इमोजी देखकर मां को समर्पित गीत पहचानो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस रोचक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने इमोजी के माध्यम से गीतों को पहचानकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सबसे पहले और सही गीत पहचानने वाली प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हंसी, उमंग और अपनत्व का माहौल बना रहा।

### अगले सत्र के लिए शपथ ग्रहण

कार्यक्रम के दौरान नवीन सत्र 2026-28 के लिए महिला समिति की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रेखा सिंह, उपाध्यक्ष मनोरमा सिंह एवं सरला श्रीवास्तव, सचिव डॉ. नीतू साहू, सहसचिव डॉ. सरोज तिवारी एवं अनीता दत्ता, कोषाध्यक्ष मोना सिंह एवं धनेश्वरी शर्मा, मीडिया प्रभारी रेखा मालवीय, सांस्कृतिक प्रभारी माला यादव एवं वकुला राव, गेम प्रभारी ममता शुक्ला एवं सुशीला सूर्यवंशी, सलाहकार आशा जानी तथा कार्यकारिणी सदस्य कृतिका साव, अनीता सिंह, श्यामली मुखर्जी, भावना मणि एवं सीमा देवांगन ने पद की शपथ ली।

शरबत प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही, जिसमें पान, आम, बेल, सत्तू एवं नींबू के शरबत को शामिल किया गया। प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि सभी प्रतिभागियों को मौके पर ही ताजगी भरे शरबत तैयार करने थे। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, स्वाद एवं प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। पान के पत्तों से अनोखा एवं स्वादिष्ट शरबत तैयार करने वाली रिंकू पात्रो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आम का लाजवाब शरबत बनाने वाली कृतिका साव द्वितीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में गेंदा साहू, श्यामली मुखर्जी एवं दिया साहू ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## आईएचएसडीपी कॉलोनी उरला में कार्यक्रम

# बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव में निकली धम्म रैली बुद्ध-अम्बेडकर के गीतों पर बच्चों ने दी प्रस्तुति



**दुर्ग।** बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव ब्लॉक नंबर-15 आईएचएसडीपी कॉलोनी वाल्मीकि-अम्बेडकर (वॉम्बे) आवास उरला, वार्ड नंबर 58 दुर्ग में मनाया गया। सुबह 8:00 बजे धम्म रैली निकली जिसमें सभी उपासक और उपासिकाएं शामिल हुई। दोपहर 12:00 बजे परित्राण पाठ किया गया। शाम 6:00 बजे बच्चों ने भगवान बुद्ध और बाबा साहेब अंबेडकर के गीतों पर आधारित रिकॉर्डिंग डांस की प्रस्तुति दी। इसके बाद तथागत म्यूजिकल ग्रुप भिलाई ने धार्मिक गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर उदय कुमार सीएमओ सेक्टर-9 हॉस्पिटल तथा आयुष्मति प्रेरणा धाबर्डे ,बॉलीवुड एक्ट्रेस और पूर्व मिसेज यूनिवर्स थे। सभी विजेताओं और आयुष महिला जनकल्याण समिति पदाधिकारियों के उत्साहवर्धन हेतु मुख्य अतिथि प्रेरणा धाबर्डे ने अपनी ओर से उपयोगी उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बबलू चौरे ने की। इस अवसर पर सीमा गजभिए, सारिका रामटेके ,पंचशील बोरकर, सुनंदा खोबरागड़े, रीता खोबरागड़े, ममता चौरे, सविता मेश्राम ,रिया मेश्राम, संघमित्रा बंसोड़, माधुरी उबनारे, संगीता अड़कने, मीना नारनवरे, गुणवंता मेश्राम, रीना वासनिक, मंगल गेडाम, शिवानी बोरकर आराधना गजभिए, पद्मा लांजेवर, पुष्पा मेश्राम, सरिता ऊके, अपर्णा वाघमारे ,लक्ष्मी अड़कने, तानी मेश्राम, सिंधु सिंघाड़े ,धम्मदीप भौतिक, अनिकेत रामटेके, कैलाश बोरकर नैतिक रामटेके ,शशांक गजभिए, रामदास बंसोड़, दिलीप भौतिक और गणेश गजभिए सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सेक्टर-7 में कार्यक्रम का आयोजन

# दरगाह शरीफ में उर्स का आयोजन कल होगा यूपी के कव्वाली का स्टेज शो



**भिलाई।** सलाना हजरत सैय्यद सालार मसऊद गाजी रहतुल्लाह अलैह उर्स पाक सेक्टर-7 में गुरुवार को भिलाई नगर हर साल की तरह इस साल भी 27वां उर्स पाक बड़ी शान और शौकत के साथ मनाया जा रहा है। दरगाह शरीफ में उर्स का आयोजन भारतीय संस्कृति, आपसी मेल मिलाप और बिना भेदभाव, धर्म व मजहब रंग व समुदाय, गंगा जमुना सभ्यता का प्रतीक है। इस अवसर पर गुरुवार की शाम 7 बजे से आम लंगर और रात 10 बजे कव्वाल शहीद फारीद निजामी झांसी, यू.पी. द्वारा शानदार कव्वाली का स्टेज शो प्रोग्राम आयोजित किया जायेगा। सैय्यद सालार मसऊद गाजी रहतुल्लाह अलैह की मजार अकसद पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मुराद मांगने के लिये चादर और फूल की डालिया पेश कर अपनी श्रद्धा अर्पित करते है। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से वार्ड 65-66 के पार्षद लक्ष्मीपति राजू, संस्था के अध्यक्ष दीपक कुमार कनौजिया, राकेश कनौजिया, नदीम तिवारी, अलोक कुमार चंदा, के. के. नन्दी, मुकेश कनौजिया, रोशन कनौजिया, आकाश कनौजिया, दर्शन कनौजिया, मोहम्मद इमाम खान, जुल्फिकार सिद्दीकी और संस्था के सदस्यों सहित अन्य जन व्यवस्था में लगे हुए है।

## मां ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला, प्रतिभावान हुए सम्मानित

# मां का सम्मान ही समाज की असली ताकत बच्चों ने माताओं के पांव छूकर दिए उपहार

कार्नर न्यूज



भिलाई। मां की ममता, बच्चों का प्यार और संस्कारों की खुशबू... खुर्सीपार का श्री बालकनाथ मंदिर समाज भवन इन भावनाओं से सराबोर हो गया। मौका था मातृ वंदन प्रेरणा महोत्सव-2026 का, जहां बच्चों ने अपनी माताओं को खुद उपहार देकर उनके त्याग और ममता को नमन किया। वो पल इतना भावुक था कि पूरा सभागार तालियों और आंसुओं से भर उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भारत माता वंदन से हुआ। इसके बाद समाज की वरिष्ठ माताओं को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि बी. पोलम्मा ने कहा कि मां सिर्फ परिवार नहीं, पूरे समाज और राष्ट्र की नींव रखती है। बच्चों में संस्कार, शिक्षा और अनुशासन का बीज मां ही बोती है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा को वक्त की सबसे बड़ी जरूरत बताया। मंच से उन्होंने आह्वान किया कि हर घर में मां का स्थान सर्वोपरि होना चाहिए।



### एनआईटी में चयनित देवाशीष का सम्मान

मातृ वंदन प्रेरणा महोत्सव के अवसर पर के. देवाशीष को एनआईटी रायपुर के ब्रांच में प्रवेश मिलने पर मंच पर सम्मानित किया गया। बी. पोलम्मा ने मोमेंटो देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। देवाशीष, के. जयप्रकाश एवं के. मोहनी के पुत्र हैं। समिति ने कहा कि यह सम्मान दूसरे बच्चों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करेगा।

### संस्कार और एकता का दिया संदेश

पूरे आयोजन में मातृत्व, शिक्षा और सामाजिक एकता का संदेश गूंजता रहा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महोत्सव का मकसद माताओं का सम्मान बढ़ाना, बच्चों में संस्कार भरना और शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना है।

### भक्ति गीतों से बांधा समां

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और भावुक बना दिया। बी. मीना और एम. पदमा की मधुर गायिकी पर पूरा हॉल झूम उठा, वहीं मास्टर्स एम. दिनेश की प्रस्तुति को भी खूब दाद मिली। तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का हौसला बढ़ता रहा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आर्ट ऑफ गिविंग ने वॉलीबॉल क्लबों को दिए बॉल और नेट



**रायपुर।** आर्ट ऑफ गिविंग संस्था ने राज्य के विभिन्न वॉलीबॉल खेल मैदानों एवं क्लबों को बॉल एवं नेट प्रदान किए। यह कार्यक्रम महादेव घाट, रायपुर स्थित श्रीहटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल क्लब में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राजेश मूणत, विधायक रायपुर पश्चिम तथा मैट्स यूनिवर्सिटी के चांसलर गजराज पगारिया थे। उल्लेखनीय है कि आर्ट ऑफ गिविंग संस्था द्वारा यह अभियान पूरे भारतवर्ष में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रायपुर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों एवं क्षेत्रों में वॉलीबॉल खेल गतिविधियों से जुड़े क्लबों एवं समितियों को बॉल एवं नेट वितरित किए गए। आयोजन में मुख्य रूप से हटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल क्लब रायपुरा, मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर, साईंनाथ अमलेश्वर, हुडको वॉलीबॉल क्लब दुर्ग, महाराणा प्रताप क्लब सेक्टर भिलाई, मयूर क्लब खम्हरिया, कोनारी क्लब, यूथ स्पोर्ट्स क्लब अभनपुर, कोरिया जिला, बढ़ईपारा, सिमगा, कुथरौद, नवापारा, कसडोल, ओटगन, गरियाबंद, महासमुंद, सिटी स्पोर्ट्स क्लब रायपुर, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, कबीरधाम, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सूरजपुर, अंबिकापुर, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर एवं दंतेवाड़ा सहित अन्य को बॉल एवं नेट दिए गए। छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में इस आयोजन में सतेन्द्र पाण्डेय (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन), अनवर अली (अध्यक्ष, हटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल क्लब), विनोद नायर, मंगलेश्वर सिंह, मार्तण्ड सिंह, जितेन्द्र सिंह, रमाकांत निषाद, नितिन पाण्डेय, गुरमीत सिंह, राजेन्द्र वर्मा, आशुतोष शर्मा, डी.सी.एच. सुरी बाबू, दुर्गा राव, जनक यादव, इरफानुल हयात, अजीत कुटटन, सी.के. वर्मा, प्रांजल दास, राजेश मणी, अनिल सिंह, दुलेन्द्र, गौरंग चौबे, दीपक मौर्य, एम.डी. साहू, विरेन्द्र पटेल, शशांक चौहान, ओम बागी, सुनिधि पाण्डेय, रंजीत मिश्रा और विनोद सिंह सहित वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति में बॉल एवं नेट का वितरण किया गया। यह जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान ने बताया कि आर्ट ऑफ गिविंग संस्था के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत की पहल हर साल राज्य को बॉल एवं नेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

### अंडर-16 यूथ कप में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी विजेता




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा विदाई की ओर से आयोजित अंडर-16 यूथ कप के अंतर्गत मंगलवार को पद्मनापुर क्रिकेट क्लब दुर्ग एवं इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमें इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी ने तीन विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच धनंजय बैरागी रहे। इस प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्समैन अर्श ,बेस्ट बॉलर वेंकट मोहित, बेस्ट विकेटकीपर ध्रुविक एवं प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी के धनंजय बैरागी रहे। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि टेबल टेनिस के अंतरराष्ट्रीय अंपायर एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय वेटरेनस टेबल टेनिस खिलाड़ी विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच में टॉस पद्मनापुर क्रिकेट अकादमी के कप्तान आर्यन मेहताने जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब की टीम 106 रन पर आउट हो गई। विकेट कीपर ध्रुविक ने 21 रन, काविश हैदर ने 17 रन और कप्तान आर्यन मेहता ने 12 रन बनाए। गेंदबाजी में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी के अंशु एवं दिव्यांश राजपाल ने तीन-तीन विकेट लिए। धनंजय बैरागी ने दो विकेट लिए। दो खिलाड़ी रन आउट रहे। बल्लेबाजी में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर ने 7 विकेट पर 108 रन बनाए। धनंजय बैरागी ने नॉट आउट 24 रन, लोकेश सिदार ने 21 रन और अर्श एवं रूद्र देवांगन ने 17-17 रन बनाए। दिव्यांश राजपाल ने नॉट आउट 9 रन बनाए। गेंदबाजी में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब के कप्तान आर्यन मेहता ने चार विकेट, श्रीजन सोनी एवं श्रीहित खोबरागड़े ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। इस फाइनल मैच के अंपायर नुगेश्वर डहरिया एवं आलोक जांगिड़ एवं स्कोरर मोक्ष यादव एवं चैतन्य बागड़े थे।

### सॉफ्टबॉल क्रिकेट में मुकाबले जारी

**भिलाई।** बीएसपी इस्पात क्लब द्वारा आयोजित इस्पात सुपर सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में पहला मैच केएनसी सुपरस्टार विरुद्ध लीजेंटा 11 का हुआ। परिणाम में केएनसी सुपरस्टार ने 45 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच रोहित राजपूत रहे। वहीं एच आर 11 विरुद्ध शिवा 11 में परिणाम शिवा 11 को जीत मिली।

---

अलग-अलग सिरदर्द के होते हैं अलग मायने

# हर सिरदर्द नही होता एक जैसा, दूसरी परेशानियों की वजह से भी आपको हो सकती है ऐसी तकलीफ

सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है, जिसका अनुभव लगभग हर कोई कभी न कभी करता है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि सभी सिरदर्द एक जैसे नहीं होते। असल में, सिरदर्द कई प्रकार के होते हैं, जिनमें से अधिकतर लोग कुछ ही सीमित प्रकार के सिरदर्द से अक्सर परेशान रहते हैं। आइए इस लेख में उन्हीं प्रमुख प्रकारों और उनसे जुड़ी खास बातों के बारे में जानते हैं।

सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है, जिससे लगभग हर कोई कभी न कभी जूझता है। हर सिरदर्द अपने आप में अलग होता है। उसके कारण, लक्षण और गंभीरता अलग-अलग हो सकते हैं, और वे विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों को दर्शाते हैं।

यह समझना जरूरी है कि सभी सिरदर्द एक जैसे नहीं होते। कुछ मामूली होते हैं जो खुद-ब-खुद ठीक हो जाते हैं, जबकि कुछ अन्य गंभीर समस्याओं जैसे माइग्रेन, तनाव या साइनस से जुड़े हो सकते हैं। कई बार तो ये किसी अंदरूनी बीमारी का शुरुआती संकेत भी होते हैं। इसलिए, अगर आपको बार-बार सिरदर्द होता है या उसके साथ अन्य लक्षण जैसे चक्कर आना, उल्टी या नजर में बदलाव महसूस होता है, तो इसे नजरअंदाज न करें, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बता दें कि सिरदर्द कई प्रकार का होता है। आइए इस लेख में सिरदर्द के चार प्रमुख प्रकार के बारे में जानते हैं।



#### टेंशन सिरदर्द

टेंशन सिरदर्द सबसे आम प्रकार है, जो तनाव, थकान, या गलत मुद्रा में देर तक बैठे रहने के कारण होता है। यह सिर के दोनों तरफ या माथे पर हल्का से मध्यम दर्द पैदा करता है, जैसे कोई टाइट बैंड सिर को जकड़ रहा हो। यह तनाव, नींद की कमी, और डिहाइड्रेशन से ट्रिगर हो सकता है। ऐसी स्थिति में गहरी सांस लें, किसी शांत और खुले वातावरण में आराम करें, या पेपरमिंट तेल की मालिश करें। इन उपायों से सिरदर्द में आराम मिल सकता है।



#### हाइपरटेंशन सिरदर्द

हाई ब्लड प्रेशर के कारण होने वाला सिरदर्द अक्सर सिर के पीछे या पूरे सिर में कंपन जैसा दर्द पैदा करता है। यह सुबह के समय अधिक गंभीर हो सकता है और लेटने से कम हो जाता है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप नाजुक रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालता है, जिससे यह दर्द होता है। अगर इसके साथ चक्कर, धुंधला दिखना या सीने में दर्द हो, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। इससे आराम पाने के लिए अपने ब्लड प्रेशर को सामान्य रखने के उपायों पर काम करें।

#### माइग्रेन

माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, जिसमें सिर के एक तरफ तेज धड़कता हुआ दर्द होता है। यह 4 से 72 घंटे तक रह सकता है और मतली, उल्टी जैसे लक्षणों के साथ होता है। माइग्रेन को तनाव, हार्मोनल बदलाव, कुछ खाद्य पदार्थ या नींद की कमी ट्रिगर कर सकती है। गंभीर मामलों में डॉक्टर से जरूर सलाह लें।

#### साइनस सिरदर्द

साइनस सिरदर्द साइनसाइटिस या मौसमी एलर्जी के



कारण होता है, जब नाक के आसपास की गुहाएं सूज जाती हैं। यह माथे, आंखों और गालों के आसपास दबाव या दर्द का कारण बनता है। साइनस सिरदर्द आम तौर पर सुबह के समय होता है। इसके साथ नाक बंद होना, बुखार या चेहरे में सूजन जैसे लक्षण हो सकते हैं। गंभीर साइनस सिरदर्द में डॉक्टर एंटीबायोटिक्स की सलाह दे सकते हैं।

---

## आपके तलवे की बनावट में छिपा है किस्मत का राज, जानें कैसे

ज्योतिष शास्त्र में हाथों और पैरों की लकीरों में भी हमारी किस्मत और भविष्य से जुड़ी कुछ बातें छिपी होती। हैं। आपने अक्सर लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि हाथों की लकीरें आपकी तकदीर बदल सकती हैं, लेकिन सिर्फ हाथ ही नहीं बल्कि आपके तलवे में भी कुछ लकीरें होती हैं जो आपके आने वाले समय और आपकी पर्सनैलिटी का पता चलता है। ज्योतिष में ही एक है समुद्र शास्त्र जिससे आपके आने वाले समय के बारे में जानकारी आपके शरीर के कुछ हिस्सों को देखकर बताई जाती है। इसी में एक होती है फुट रीडिंग यानी कि हाथों के साथ पैरों की रेखाओं से भविष्य बताना।

फुट रीडिंग भारत और चीन में एक प्राचीन अवधारणा है और इसमें एक व्यक्ति को अपने पैर की उंगलियों या अपने तलवों की रेखाओं के बारे में जानकारी लेना शामिल है। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि तलवे अपने पैरों के शीर्ष की तुलना में किसी व्यक्ति के बारे में अधिक बताते हैं और आपके भविष्य की जानकारी भी देते हैं।

#### क्या कहता है फुट रीडिंग का विज्ञान

यह रिफ्लेक्सोलॉजी का एक विस्तार है और माना जाता है कि यह स्वास्थ्य के मुद्दों, भावनात्मक कल्याण और व्यक्तित्व प्रकार को प्रकट करता है। फुट रीडिंग विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास एक पुरुष और एक महिला के पैर होते हैं, जिसमें दायां एक पुरुष के रूप में कार्य करता है और बाएं एक महिला के रूप में माना जाता है।

#### पैर की बनावट बताती है स्वभाव

शीतल जी बताती हैं कि आपके पैरों के तलवों से



आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें –

यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं। पैरों के तलवे की रेखाएं यदि तिरछी हैं तो ये आपके अनिर्णय को दर्शाती हैं। ऐसे लोग किसी भी बात के लिए दृढ़ नहीं हो पाते हैं और अपने निर्णय लेने में देरी करते हैं।

नैरो हील्स का मतलब है कि आपको ज्यादा सुरक्षा की जरूरत है और आप कई बातों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। यदि आपके पैर के उत्तर से दक्षिण तक लंबी लाइन है तो आप अपने आप पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं। वास्तव में यदि आप किसी चीज़ के बारे में अनिर्णायक हैं या अपने जीवन के किसी पहलू में संघर्ष कर रहे हैं, तो एक फुट रीडिंग आपकी दुविधा को दूर कर सकती है।

---

## गर्मियों में रोज दही और चावल खाने का असर जरूर जानिए



गर्मियों का मौसम आते ही सेहत की बैंड बज जाती है। हर वक्त पसीना, पेट में जलन, गर्मी महसूस होती है। इस मौसम में कुछ कंफर्टेबल फूड्स खाने का मन करता है, यानी खाना हल्का भी हो, पेट भी भर जाए और मजा भी आ जाए। ऐसे में दही और चावल का कॉम्बिनेशन आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है। साउथ में यह भोजन सदियों से खाया जा रहा है और अब धीरे-धीरे देश भर में इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। इसकी वजह इसकी स्वाद के साथ ही इसके फायदे भी हैं। आइए जानते हैं कि अगर आप रोज दही और चावल खाती हैं, तो आपको कितने फायदे मिल सकते हैं।

दही और चावल खाने से पेट को ठंडक मिलती है। इससे शरीर की गर्मी शांत हो जाती है। यह प्रोटीन और कार्ब्स का बेहतरीन कॉम्बिनेशन हो जाता है। दही और चावल खाने से आपको अच्छे प्रोबायोटिक्स मिल जाते हैं, जो पाचन को बेहतर बनाते हैं। यह गैस, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है। यह एक लो कैलोरी और हेल्दी कार्ब्स का संयोजन है। इसे अगर आप डाइट में शामिल करती हैं, तो इससे वजन घटाने में भी मदद मिल सकती है। दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स आंतों की सेहत सुधारते हैं,जिससे शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। हेल्दी गट रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देता है। इसका सेवन करने से डिहाइड्रेशन से बचाव होता है। यह एक तरह से इलेक्ट्रोलाइट्स की तरह काम करता है। इसका सेवन करने से आपको एनर्जी मिलती है।

---



## सेहत के लिए रोज दौड़ना और रस्सी कूदना एक बेहतर कदम

फिटनेस के लिए व्यायाम का महत्व हर कोई जानता है, लेकिन जब बात आती है रोज दौड़ने और रस्सी कूदने में से बेहतर विकल्प चुनने की, तो अक्सर लोग दुविधा में पड़ जाते हैं। आइए जानते हैं कि दोनों में से कौन ज्यादा अच्छा विकल्प है। आज के समय में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। ऐसे में बहुत से लोग सुबह के समय व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। रोज व्यायाम करना न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। नियमित व्यायाम शरीर को मजबूत और चुस्त रखने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। यह शरीर के एनर्जी लेवल को भी बढ़ाता है, तनाव कम करता है साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है।

ऐसे में जो लोग सुबह में व्यायाम करते हैं अक्सर उनके मन में सवाल आता है कि रोज सुबह दौड़ना या रस्सी कूदने में कौन सा अधिक फायदेमंद है? तो बता दें कि रोज सुबह दौड़ना और रस्सी कूदना दोनों ही हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट हैं। इन दोनों वर्कआउट के क्या फायदे आपको जानना चाहिए।

#### दौड़ने के फायदे

दौड़ना एक प्राकृतिक और आसान व्यायाम है, जो बिना



किसी उपकरण के किया जा सकता है। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ाता है और तनाव कम करता है। रोजाना 20-30 मिनट की दौड़ से 200-400 कैलोरी बर्न हो सकती है, जो वजन नियंत्रण में भी मदद करती है।दौड़ने से हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि बाहर दौड़ने से प्रकृति के साथ जुड़ाव बढ़ता है। दौड़ने के लिए खुले स्थान की जरूरत होती है, और अच्छी बात यह है कि सुबह के समय में खुले स्थान पर जाने से मन हल्का रहता है।

#### रस्सी कूदने के फायदे

रस्सी कूदना एक हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट है, जो कम समय में अधिक कैलोरी बर्न करता है। 10 मिनट की रस्सी कूदना 100-150 कैलोरी तक बर्न कर सकता है। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर और मजबूत बनाने में मदद करता है।

रस्सी कूदना पूरे शरीर की मांसपेशियों, जैसे बाहों, कंधों और पैरों को सक्रिय करता है। रस्सी कूदने की अच्छी बात यह है कि इसे कम स्थान पर किया जा सकता है और इसके लिए केवल एक रस्सी की जरूरत होती है। दौड़ने की तुलना में रस्सी कूदने से कम समय में अधिक कैलोरी बर्न होता है।

#### कौन-सा है बेहतर?

यह आपके फिटनेस लक्ष्य और शारीरिक स्थिति पर निर्भर करता है। अगर आप वजन तेजी से कम करना चाहते हैं और समय कम है, तो रस्सी कूदना बेहतर विकल्प हो सकता है। अगर आप सहनशक्ति बढ़ाना और बाहर समय बिताना चाहते हैं, तो दौड़ना उपयुक्त है। देखा जाए तो दोनों को बारी-बारी से अपनी रूटीन में शामिल करना सबसे अच्छा है, क्योंकि यह शरीर के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



---

कार्नर न्यूज

छुट्टी के इस दौर में अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी

# बच्चों की है गर्मी की छुट्टियां पर आपकी नहीं, काम और परिवार में संतुलन बनाना आपकी जिम्मेदारी

जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।

बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार रहता है। छुट्टियों में उन्हें पूरा आराम और खेलने का मौका मिल जाता है, वहीं माता पिता के लिए खासकर वर्किंग पेरेंट्स की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। उनके लिए दफ्तर और परिवार के बीच संतुलन बनाना चुनौती होती है।

जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।

#### पहले से करें छुट्टियों की प्लानिंग

गर्मियों की छुट्टियों की तारीखें पहले



से तय होती हैं। ऐसे में अपने ऑफिस वर्कलोड को प्लान करें। अगर संभव हो तो एक-दो छुट्टियां बच्चों के साथ बिताने के लिए रखें।

#### बच्चों के लिए बनाएं डेली रूटीन

बच्चों के लिए एक टाइम टेबल बनाएं जिसमें खेल, पढ़ाई, क्रिएटिव एक्टिविटी और आराम शामिल हो। इससे वे व्यस्त रहेंगे और आपको भी अपने काम के लिए समय मिलेगा।

#### बच्चों की लें मदद

बच्चों को छोटा-मोटा काम देकर उन्हें व्यस्त और जिम्मेदार बनाएं। जैसे, डेस्क की सफाई, पानी की बोतल भरना, अपने खिलौने समेटना आदि। इससे बच्चे व्यस्त भी रहेंगे और आपको काम में मदद भी मिल जाएगी।



#### वीकेंड बनाएं खास

अगर सप्ताह की शुरुआत में आप व्यस्त हैं तो वीकेंड पर बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाएं। हर वीकेंड पर उनके साथ पार्क जाएं या साथ में किचन में कुछ बनाएं, मूवी देखें या गेम्स खेलें आदि।

#### परिवार की मदद लें

अगर आपके पास दफ्तर का बहुत अधिक काम है तो परिवार के दूसरे सदस्यों, अपने पार्टनर या दोस्तों की मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। बच्चे को उसके नाना नानी या दादा दादी संग वक्त दें ताकि उनकी छुट्टियां भी मजेदार गुजरें और आपका काम भी हो सके।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### बारबरा ने दी नए मेहमान के आने की खबर, पति डेलन भी दिखे साथ



बारबरा पेल्विन और डेलन स्प्राउस जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। बारबरा ने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया। इस दौरान उनके पति डेलन स्प्राउस भी मौजूद नजर आए। मॉडल बारबरा पेल्विन और उनके पति, अभिनेता डेलन स्प्राउस ने अपनी पहली गर्भावस्था की खुशखबरी का एलान कर दिया है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उन्होंने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने साशोल मीडिया हैंडल पर भी एक खास पोस्ट शेयर किया है।

गुरुवार को बारबरा और उनके पति डेलन कान 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंचे। बारबरा हल्के नीले सैटिन गाउन में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उनके पति डेलन क्लासिक टक्सीडो में हैंडसम दिख रहे थे। दोनों ने बारबरा के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। बारबरा ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेगनेंसी की खुशखबरी शेयर की है। बारबरा ने इस पोस्ट में अपने बच्चे की सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) की तस्वीर भी शेयर की है। बारबरा और डेलन को कई सेलेब्स बधाई दे रहे हैं। बारबरा और डेलन की पहली मुलाकात 2017 में एक पार्टी के दौरान हुई थी। बाद में बारबरा ने डेलन को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया और बातचीत शुरू हो गई। 2018 में डेलन चीन शूटिंग के लिए गए थे। बारबरा उनसे मिलने चीन चली गईं। 2018 जून में दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी और रिश्ते को सार्वजनिक भी किया। जनवरी 2019 में दोनों एक साथ रहने लगे। जुलाई 2023 में बुडापेस्ट के एक चर्च में दोनों ने शादी कर ली। मई 2026 में उन्होंने अपनी पहली गर्भावस्था की खुशखबरी दी।

## टॉलीवुड

### 70 की उम्र में जिम में पसीना बहाते दिखे चिरंजीवी, 158वीं फिल्म की तैयारी



मेगास्टार चिरंजीवी, निर्देशक बॉबी कोल्ली के साथ एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह उनकी 158वीं फिल्म होगी। इससे पहले सोशल मीडिया पर उन्होंने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के साथ उन्होंने दमदार कैप्शन लिखा है। वीडियो को फैंस पसंद कर रहे हैं और उस पर बेहतरीन कमेंट्स कर रहे हैं।

चिरंजीवी ने अपने एक्स हैंडल पर 52 सेकंड का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि वह जिम में पसीना बहा रहे हैं। वह कई तरह के वर्कआउट कर रहे हैं। वह डम्बल उठा रहे हैं। बारबेल और जिम के दूसरे सामान जैसे फ्री वेट के साथ कसरत कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि एक्टर बॉबी कोल्ली के साथ अपनी आने वाली फिल्म में अपने रोल के लिए तैयारी कर रहे हैं।

वीडियो शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा 'हर दिन अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने का एक और मौका होता है। मेगा 158 के लिए अपने प्यारे बॉबी कोल्ली के साथ एक और यादगार सफर के लिए पूरी तरह से तैयार और उत्साहित हूं। ओपनिंग सेरेमनी 21 मई को है।'

चिरंजीवी ने अपने 70वें जन्मदिन पर डायरेक्टर बॉबी कोल्ली के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट का ऐलान किया था। इसका अभी के लिए नाम 'मेगा158' रखा गया है। इससे पहले, दोनों ने सुपरहिट फिल्म 'वाल्टेयर वीरैया' में साथ काम किया था। यह 2023 में रिलीज हुई थी। इसमें रवि तेजा, श्रुति हासन, कैथरीन ट्रेसा, बॉबी सिम्हा और प्रकाश राज भी थे।

चिरंजीवी की तरफ से शेयर किए गए वीडियो पर कई फैंस ने कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'यकीन नहीं हो रहा है कि आप 70 के हैं।'

## भोजपुरी

### ओटीटी पर छाएंगे निरहुआ, दुपहिया सीजन-2 में भोजपुरी सुपरस्टार की एंट्री



भोजपुरी फिल्म के सुपरस्टार एक्टर दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ अब ओटीटी डेब्यू के लिए बिलकुल तैयार हैं। उन्हें दुपहिया सीजन-2 में देखा जाएगा, इसकी जानकारी उन्होंने खुद पोस्ट शेयर करके दी है। दिनेश लाल यादव नए प्लेटफॉर्म को एक्सप्लोर करने के लिए बेहद एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। दुपहिया-2 में उनका किरदार भी काफी मजेदार होने वाला है। हाल ही में निरहुआ प्राइम वीडियो के द्वारा आयोजित किए गए एक इवेंट में पहुंचे थे। इसी इवेंट के दौरान दुपहिया-2 के स्टारकास्ट को रिवील किया गया। वैसे तो दुपहिया-2 एक बार फिर से दिल छू लेने वाले किरदारों के साथ वापसी कर रही है। लेकिन, इस बार सीरीज में कुछ नए किरदार भी दिखाई देने वाले हैं। उन्हीं में से एक निरहुआ भी होंगे।

निरहुआ ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो एक पंच लाइन बोलते हुए नजर आ रहे हैं, 'जो चीज करना आसान होता है, वो करने के लिए सही नहीं होता है और जो करना सही होता है, वो आसान नहीं होता है। यहां ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे कहा जा सके कि वो राइट डिसीजन है। अपना डिसीजन लो और उसे राइट बना दो।'

निरहुआ का भोजपुरिया स्वैग देख उनके फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं एक्टर के फैंस उनकी वेब सीरीज दुपहिया-2 को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं।

## लाइफ स्टाइल





सुकून का रंग



भीषण गर्मी के इस मौसम में अगर 'आइस ब्लू' के सुकून का रंग कहें तो गलत नहीं होगा। पिछले हफ्ते न्यूयार्क फैशन वीक के रनवे और रेड कार्पेट पर 'आइस ब्लू' के इस खास शेड के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए एक पॉजिटिव बदलाव माना जा रहा है। शायद यह हमारी संस्कृति की मौजूदा स्थिति का एक संकेत है। यह 'पोलर शेड' (बर्फीला रंग) आपको अपने अंदर की 'ठंडक' को जगाने प्रेरित कर सकता है। यह राहत देने वाला रंग भी है।

# फ्लावर डिजाइन की पायल आपके पैरों को बना देगी खूबसूरत, जरूर करें ट्राई

फैशन की दुनिया में अधिकतर महिलाएं अपने आप को खूबसूरत बनाने के लिए कई प्रयास करती है। यही नहीं कुछ महिलाएं तो आउटफिट से लेकर एक्सेसरीज तक हर एक चीज परफेक्ट तरीके से मैच कर पहनना पसंद करती है। ऐसे में अगर आप भी अपने घर पर होने वाले किसी भी फंक्शन में अपने आप को स्टाइलिश और यूनिक लुक देना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप अपने आउटफिट के साथ इन खूबसूरत फ्लावर डिजाइन पायल को ट्राई कर सकती हैं। इन्हें पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेंगी।

**खूबसूरत फ्लावर पायल डिजाइन:** डेली वियर के लिए अगर आप भी नई डिजाइन की पायल तलाश रही हैं, तो अब आप इन 4 खूबसूरत डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

**मैरून स्टोन फ्लावर पायल डिजाइन:** अगर आपके घर पर कोई खास फंक्शन है और आप उसे फंक्शन में अपने लुक से सभी



को खुश करना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी ट्रेडीशनल आउटफिट के साथ इस खूबसूरत मैरून स्टोन फ्लावर पायल को ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। इस तरह के पायल को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**कलरफुल फ्लावर एंकलेट डिजाइन:** अगर आप डेली वियर के हिसाब से पायल देख रही है, तो आपके लिए यह खूबसूरत और लेटेस्ट कलरफुल फ्लावर डिजाइन वाली पायल भी बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इसे आप रोजाना डेली वियर में पहनकर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। आप इस पायल को बनवा सकती हैं या ऑनलाइन खरीद सकती है।

**पैटर्न फ्लावर पायल डिजाइन:** अपने पैरों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए और भीड़ से हटकर लुक क्रिएट करने के लिए आप इस तरह की खूबसूरत पैटर्न फ्लावर डिजाइन पायल को भी चुन सकती है। यह पायल डिजाइन न सिर्फ आपकी पैरों की खूबसूरती को बढ़ा देगी, बल्कि इसे पहनकर आप गॉर्जियस लुक भी क्रिएट कर सकती है। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरफ से खरीद सकती हैं। यही नहीं अगर आप अपने पैरों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं और ट्रेडीशनल आउटफिट के हिसाब से पायल डिजाइन तलाश रही है, तो आपके लिए यह लेटेस्ट सिल्वर बीड्स कलरफुल फ्लावर पायल भी बेस्ट ऑप्शन हो सकती है।

# कुर्ती की नेकलाइन को स्टाइलिश लुक देंगे पाइपिंग डिजाइन, आप भी करें ट्राई



अधिकतर लड़कियों को गर्मी के मौसम में कुर्तियां पहनें ज्यादा पसंद होता है। यह आपके लुक को फॉर्मल और कैजुअल दोनों लुक देती हैं। वहीं आप कुर्ती को कैरी करने के बाद घंटों आराम से पहनकर काम या कहीं घूम सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह की स्टाइलिश कुर्तियां मिल रही हैं। जिसमें शार्ट, लांग फ्रॉक स्टाइल, पेप्लम स्टाइल आदि। ऐसे में आप इन्हें अपनी चॉइस और बॉडी शेप के हिसाब से पहन सकती हैं। यह आपके लुक को क्लासी टच देती हैं।



वैसे तो आजकल आपको मार्केट में रेडीमेड सूट और कुर्तियां बेहद किफायती दाम में मिल जाते हैं, लेकिन कुछ लोग आज भी टेलर के पास जाकर कुर्तियां बनवाना ज्यादा पसंद करते हैं। ताकि उनको वो अपने अकॉर्डिंग बनवा सकें और अपनी चॉइस के हिसाब से नेकलाइन और बाजू बनवा लें। अगर आप एक साधारण सी कुर्ती को स्टाइलिश तरीके से बनवा लेते हैं तो उसका लुक और भी ज्यादा निखर कर आ जाता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ पाइपिंग डिजाइन दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप कुर्ती की नेकलाइन पर बनवा सकती हैं। यह आपकी सिंपल कुर्ती को मॉडर्न टच देंगे। देखिए कुछ ट्रेंडी डिजाइन।



### डबल राउंड शेप पाइपिंग डिजाइन

आप अपने किसी भी कॉटन कुर्ती की नेकलाइन पर इस तरह की राउंड शेप डबल पाइपिंग डिजाइन लगवा सकती हैं। इस तरह के डिजाइन अधिकतर ऐसी कुर्तियों पर जंचते हैं। जिनके यॉक पर वर्क होता है। ऐसे में पूरी कुर्ती का लुक काफी अट्रैक्टिव लगता हो। पाइपिंग से कुर्ती का लुक काफी खूबसूरत लगने लगता है।

# ओपन पोर्स से हैं परेशान, तो एक्सपर्ट से जानें कैसे रखें स्किन को बेदाग और साफ

चेहरे की खूबसूरत को लंबे समय तक बनाएं रखने के लिए आप कुछ खास तरीके को ट्राई करें। इससे आपको ज्यादा महंगी चीजों को इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। बदलते मौसम की वजह से चेहरा खराब नजर आता है। ऐसे में हम हफ्ते या 15 दिन में एक बाद पार्लर से जाकर ट्रीटमेंट लेना पसंद करते हैं। लेकिन इसकी वजह हमारे पैसे बहुत ज्यादा खर्च हो जाते हैं। इन पैसों को बचाने और अपने ओपन पोर्स की प्रॉब्लम को कम करने के लिए आप डॉक्टर स्वाति के बताए गए तरीके को ट्राई करें। इससे आपकी स्किन साफ और बेदाग नजर आएगी। इससे चेहरे पर होने वाली प्रॉब्लम भी कम होती नजर आएगी। अगर आपकी त्वचा पर ज्यादा ओपन पोर्स नजर आ रहे हैं, तो इन्हें कम करने के लिए सबसे पहले आपको अपने मॉइश्चराइजर को चेंज करने की जरूरत है। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादा हैवी मॉइश्चराइजर लगाने से आपकी स्किन के पोर्स लॉक नहीं होंगे। बल्कि और ज्यादा गंदगी भर जाएगी। ऐसे में आप लाइट वेट वाले मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इसमें चिपचिपापन कम होता है।



साथ ही, बाहर की गंदगी चेहरे पर कम चिपकती नजर आती है।

### क्लींजर का करें इस्तेमाल

आप अपने चेहरे को साफ करने के लिए सही क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे चेहरे की गंदगी और तेल आसानी से साफ हो जाएगा। इसके लिए आपको ऑयल-फ्री क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे ओपन पोर्स को लॉक करने में मदद मिलेगी। साथ ही, आपको किसी तरह के कोई ट्रीटमेंट को करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह के क्लींजर आपको मार्केट में स्किन टाइप के हिसाब से मिल सकता है।

# घनी आइब्रो करने के लिए अपनाएं टिप्स

अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। लेकिन चेहरे पर होने वाली कुछ छोटी-छोटी कमियां आपकी खूबसूरती को कम कर सकती है, जिससे अधिकतर महिलाएं परेशान रहती है। अगर आप ही उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, तो आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में जरूर जानना चाहिए, जिन्हें फॉलो कर आप अपनी आईब्रो को घना कर सकती हैं।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की माने राय

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी के मुताबिक खूबसूरत आइब्रो हमारी खूबसूरती का अहम हिस्सा होती हैं, लेकिन आइब्रो के कम बाल हमारे चेहरे के लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए और चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए कुछ टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

### आइब्रो के लिए उपाय

एक्सपर्ट ने आगे बताया कि लंबी और घनी आइब्रो पाने के लिए आप सबसे पहले एक छोटी कटोरी में अरंडी का तेल निकाल ले, उसमें बराबर मात्रा में जैतून का तेल मिला दे। अब इस तेल को लेकर अपनी आईब्रो पर



हल्के हाथों से मसाज करें। इसके बाद आप गर्म पानी से कॉटन स्टीम भी ले सकती हैं। ऐसा आप रोजाना रात में सोने से पहले कर सकती हैं। इससे आपको काफी हद तक आराम देखने को मिलेगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

आपको ज्यादा जोर से आइब्रो की मसाज नहीं करनी है। ऐसा करने से आपकी आइब्रो से बाल टूट सकते हैं। अगर आप पहली बार तेल की मसाज आइब्रो पर कर रही हैं, तो सबसे पहले आप पैच टेस्ट जरूर करें। क्योंकि कुछ महिलाओं को इन तेल की वजह से इंफेक्शन या एलर्जी हो सकती है। किसी भी चीज का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लड़कियों की स्किन पर इससे रिएक्शन हो सकता हैं।

## कार्नर न्यूज

### लंबे बाल के साथ बन भी बनाने वाले नौजवान ध्यान दें

# 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो कुछ जरूरी टिप्स जो आपको बनाएंगे और भी स्टाइलिश

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे। 'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन



बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

ये एक ऐसा बन है जिसके लिए आपको अक्सर सैलून जाना होगा। इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

### बन एंड बियर्ड

याद रखिए ये वो स्टाइल है जिसमें हर तरह के बाल चल जाते हैं, जैसे स्ट्रेट या कर्ली। इस लुक में सिर पर बन होता है तो बियर्ड भी ठीक से बढ़ाई गई होती है।

### किस पर सूट करेगा 'मैन बन'

जैसे सभी हेयर स्टाइल चेहरे के आकार के हिसाब से सूट करते हैं, ठीक वैसे ही 'मैन बन' भी हर चेहरे पर सूट नहीं करता है। जैसे टॉप नॉट उन पुरुषों पर अच्छा लगता है जिनका बोन स्ट्रक्चर बहुत डिफाइन नहीं होता है। क्योंकि इसके साथ चेहरा लंबा नजर आ सकता है। इसके साथ चेहरा पतला भी नजर आता है। टॉपनॉट को अगर दाढ़ी के साथ मैच किया जाए तो ये काफी मेस्क्युलिन स्टाइल बन जाता है।

